चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 27 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 38, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर 14

...मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी 13

## होली मिलन



**देहरादून** : राजभवन में होली मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि रंगों का यह त्योहार एकता, आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने देश एवं प्रदेश वासियों के साथ-साथ सरहदों पर तैनात सैनिकों को भी होली की बधाई दी और कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे।

### हिंदू हर मंगलवार को पूजा और मुसलमान शुक्रवार को परिसर में पढ़ सकते हैं नमाज

# एएसआई सर्वेक्षण के दौरान हिंदुओं ने भोजशाला में की पूजा

**धार, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर में मंगलवार को हिंदुओं ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने कोर्ट की ओर से निर्देशित सर्वेक्षण भी जारी रखा।

सात अप्रैल 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने जबकि मुसलमानों को शुक्रवार को वहां पर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। सर्वेक्षण शुरू होने से पहले सुबह करीब 7.15 बजे हिंदू श्रद्धालु ऐतिहासिक परिसर में पहुंचे। 11 मार्च को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। मध्यकालीन युग के इस स्मारक को हिंदू, देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं और मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। अदालत के निर्देशों पर कारवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एएसआई की टीम ने 22 मार्च को आदिवासी बहुल जिले में विवादित परिसर में अपना सर्वेक्षण शुरू किया। भोज उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि एएसआई सर्वे से विवाद का बेहतर समाधान निकलेगा। उन्होंने दावा किया कि यह मां सरस्वती का मंदिर है और उन्होंने इसे हिंदुओं को देने की मांग की। इससे पहले, प्रसिद्ध पुरातत्वविद् केके मुहम्मद ने दावा किया था कि विवादास्पद परिसर मंदिर था और बाद में इसे इस्लामी पूजा स्थल में बदल दिया गया। माना जाता है कि एक हिंदू राजा भोज ने 1034 ई. में भोजशाला में वाग्देवी की मूर्ति स्थापित की थी। हिंदू समूहों का कहना है कि अंग्रेज इस मूर्ति को 1875 में लंदन ले गए थे।



- 7 अप्रैल 2003 के एएसआई ने दिया था आदेश

### अवकाश के बाद विभाग ने शुरू किया सर्वेक्षण

भोजशाला परिसर में एएसआई विभाग का दल सुरक्षा प्रबंधों के बीच पहुंचा। भोजशाला परिसर में हिंदू सरस्वती देवी का मंदिर मानकर पूजा-अर्चना करते हैं, जबकि मुस्लिम इसे इबादतस्थल मानते हैं। यह व्यवस्था 20 वर्ष पहले बनाई गई थी। हाल ही में राज्य उच्च न्यायालय ने एएसआई को भोजशाला का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। एएसआई की टीम ने पिछले सप्ताह से सर्वेक्षण की कार्रवाई प्रारंभ की। होली के अवकाश के बाद मंगलवार को फिर से टीम ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है।




## एक नजर

### सीआईएससीई 12वीं मनोविज्ञान की परीक्षा रद

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के बाद ये परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने यह जानकारी दी।

### सीयूईटी-स्नातक के लिए आवेदन की तिथि 31 तक

**नई दिल्ली।** साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। उन्होंने कहा, अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी - 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9:50 बजे तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होनी है।

### भाजपा उम्मीदवारों की छठी सूची जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए छठी लिस्ट जारी कर दी। इसमें राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भाजपा ने पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद को टिकट मिला है। कुरुक्षेत्र सीट से नवीन जिंदल को उतारा गया है। पांचवी लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी ने 111 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

# अकाली दल से नहीं बनी बात पंजाब में अकेले लड़ेगी भाजपा

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की

**नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी**

पंजाब में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन न होने पर पार्टी ने यह फैसला लिया है। कई दिनों से ये माना जा रहा था कि दोनों दल साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब पंजाब के बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने साफ कर दिया है कि पंजाब की सभी सीटों पर पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। जाखड़ ने कहा कि पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

अकाली दल ने बीजेपी के सामने दो मुद्दे रखे थे, इनमें से पहला था किसानों को एमएसपी दिया जाना और दूसरा था बंदी सिखों पर फैसला लेने का। सजा पूरी होने के बावजूद बंदी सिखों की रिहाई की मांग अकाली दल लंबे समय से करता आ रहा है। करीब डेढ़ महीने से पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अकाली दल चाहता था कि इस मुद्दे का भी हल निकाला जाए। 2020 में कृषि कानूनों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे तभी अकाली दल और बीजेपी अलग हो गए थे। 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा था अकाली दल के खिलाफ भी किसान उतर आए थे। शिअद को नुकसान होता देख पार्टी ने बीजेपी से किनारा कर लिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़े थे। लोकसभा चुनाव में दोनों के गठबंधन के कयास लगाए जा रहे थे।



- पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने लिया फैसला : जाखड़

### हमारे लिए संख्या बल नहीं, सिद्धांत महत्वपूर्ण : शिअद



भाजपा फैसले के बाद शिरोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। उन्होंने वोट की राजनीति पर राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। 103 साल पुरानी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं कौम की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की है। अकाली दल का गठन सरकार बनाने के लिए नहीं हुआ था।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू



**नई दिल्ली।** पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना की।

# दिल्ली में सड़कों पर उतरी आप कई नेताओं को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेता लिए गए हिरासत में
- आप नेताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच करने की कोशिश

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंगलवार को यहां सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

राष्ट्रीय राजधानी को किले में तब्दील किए जाने का दावा करते हुए आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार ने शहर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी बंदिशें लगाई गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा कि पुलिस बल का प्रयोग करने से यह आंदोलन नहीं रुकेगा।

उन्होंने दावा किया कि पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को घसीटा गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। आप कार्यकर्ता सुबह से ही समूह में पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आधिकारिक आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि पटेल चौक क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगी है, हम यहां किसी को इकट्ठा होने की इजाजत नहीं देंगे।

इस चेतावनी के बाद राय ने कहा कि इस देश में तानाशाही के खिलाफ लड़ाई उन लोगों का संघर्ष है जिन्हें लोकतंत्र एवं संविधान पसंद है। उन्होंने घोषणा की कि 31 मार्च को यहां रामलीला मैदान में होने वाली महारैली की तैयारी चल रही है। राय ने कहा कि इस रैली में लाखों लोग मौजूद रहेंगे तथा विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठायेंगे। आप के वरिष्ठ नेता भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए पोस्ट में कहा कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष एवं मंगोलपुरी से पार्टी की विधायक राखी बिड़लान के साथ हिरासत में ले लिया है। भारती ने कहा "यह देखकर हैरानी होती है कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे 'आप' समर्थकों को गिरफ्तार कर रही है, जबकि भाजपा को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही है।

# मोदी ने संदेशखालि पीड़ित प्रत्याशी से की बात, बताया शक्ति स्वरूपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

टीएमसी नेता शाहजहां शेख के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा ने संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ ऐसा करेंगी कि जिससे लोगों को यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्हें जनता तक संदेश ले जाना चाहिए कि टीएमसी सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है।



- रेखा पात्रा ने टीएमसी नेताओं के खिलाफ शोषण का मुद्दा उठाया था

### पिछले चुनाव में यहां से टीएमसी को मिली थी जीत

बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

# कार की टक्कर से पूर्व सैनिक समेत तीन की मौत

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** होली के दिन बेकाबू कार ने कूडेदान से टकराकर मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व सैनिक व शहर के व्यापारी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। बाद में कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई और कार सवार युवक की भी मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल चार लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोमवार को तड़के चार बजे दमुवाढूंगा के तरुण कुमार, करण कुमार, रानीबाग के अमित कुमार, नई दिल्ली के आशीष शर्मा और स्वयम कुमार (22) कार से काठगोदाम की तरफ जा रहे थे। नैनीताल रोड स्थित होटल देवाशीष के पास कार कूड़ेदान से टकराकर बेकाबू हो गई और सुभाष नगर के पूर्व सैनिक जगजीवन सिंह (68) और आवास विकास कॉलोनी के व्यापारी पूरन चंद्र शर्मा (60) को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई और कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई और दिल्ली के स्वयम कुमार की भी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने पूर्व सैनिक, व्यापारी और युवक को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं कार सवार तरुण शर्मा, अमित कुमार, करण कुमार और आशीष शर्मा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत गंभीर है। इधर, पुलिस के मुताबिक घटना स्थल के पास दो पशुओं के शव मिले हैं। आशंका है कि हादसा पशुओं को बचाने में हो सकता है। भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र राणा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से हादसे की वजह का पता चलेगा। इधर, मृतक पूरन चंद्र शर्मा के पुत्र नितिन शर्मा ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



- सैनिक और व्यापारी को रौंदा कार सवार युवक की भी मौत
- कूड़ेदान से टकराकर डिवाइडर पर चढ़कर पलटी कार

### बाइक फिसलने से युवक की गई जान

**हल्द्वानी।** आरके टेंट हाउस रोड पर सोमवार रात बाइक फिसल से युवक घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल से सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार महेंद्र कश्यप (21) निवासी लालडांठ रोड सोमवार शाम दोस्त के साथ गया था। देर शाम उसकी बाइक आरके टेंट हाउस रोड पर फिसल गई। इससे वह घायल हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

# विपक्ष से भाजपा में आने वालों की लंबी सूची प्रदेश अध्यक्ष से कहा मापदंड बनाएं

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- मुख्यमंत्री धामी ने विपक्ष पर किया हमला, कहा- चुनाव में जीत के पिछले रिकॉर्ड होंगे ध्वस्त

**अमृत विचारः** 'विपक्ष से भाजपा में आने वालों की लंबी फेहरिस्त है। एक के बाद एक बड़े चेहरे आने को तैयार हैं। मैंने तो प्रदेश अध्यक्ष से कहा है कि भाजपा में शामिल होने वालों के लिए क्राइटेरिया (मापदंड) बनाया जाए। जिस तरह से विपक्ष से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं, इससे साफ है कि लोकसभा चुनाव-2024 का परिणाम क्या होने वाला है' यह दावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। वह मंगलवार को मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू के आदर्श नगर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 में जितने अंतर से जीत दर्ज की थी, इस चुनाव में पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त होंगे। इस बार भी ऐतिहासिक जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस बार चुनाव में चर्चा भाजपा की हार जीत की नहीं हो रही है, चर्चा यह है कि 400 के पार कितनी सीटें आएंगी। देश के 100 सबसे ताकतवर लोगों में शामिल होने की उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेरणा स्रोत मानते हैं। बीती 29 फरवरी को भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। शाम 6 बजे से शुरू हुई बैठक सुबह 4 बजे तक चली और इसमें प्रधानमंत्री स्वयं मौजूद थे। जबकि 1 मार्च को सुबह 10 किसी प्रदेश में उनकी जनसभा थी। वह दिन रात काम करते हैं, पल-पल देश सेवा को समर्पित करते हैं, उसी तर्ज पर हमें भी प्रदेश की प्रगति के लिए काम करना है। धामी ने बताया कि मंदिर माला मिशन के तहत बजट आवंटित किया जा चुका है। चारधाम की तरह मानसखंड और आदि कैलास यात्रा भी चलाई जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, हरिमोहन अरोरा, शंकर कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के बलूनी, राज्यलक्ष्मी, कांग्रेस के गुनसोला ने भरा पर्चा

**ब्यूरो, देहरादून/हल्द्वानी**

- हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने नामांकन दाखिल किया
- सीएम धामी और स्मृति ईरानी भी समर्थन देने पहुंचीं

**अमृत विचारः** टिहरी और पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया। भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह और अनिल बलूनी के समर्थन में सीएम पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी पहुंचीं। टिहरी से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने भी नामांकन किया।

नामांकन से पहले टिहरी प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह और पौड़ी प्रत्याशी अनिल बलूनी ने रैली निकाली। भाजपा प्रत्याशी बलूनी के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, गढ़वाल सांसद तीरथ रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सहित कई नेता भी थे। मुख्यमंत्री धामी ने पौड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा की। टिहरी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के नामांकन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत कई नेता मौजूद रहे।

पौड़ी गढ़वाल सीट से अन्य प्रत्याशियों में निर्दलीय अर्जुन सिंह, सोनू कुमार, उत्तराखंड समानता पार्टी से विनोद आर्य, एसयूआईसी कम्युनिस्ट से रेशमा, सैनिक समाज पार्टी से डॉ. मुकेश चंद्र पंत, यूकेडी से आशुतोष नेगी रहे। हरिद्वार संसदीय सीट से मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने नामांकन किया। रावत की रैली में काबीना मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल, विधायक आदेश चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, संजय गुप्ता, कुंवर प्रणव चैंपियन, पूर्व मंत्री यतीश्वरानंद आदि शामिल हुए। बीएसपी से रामकुमार राणा, भारतीय युवा शक्ति पार्टी के सूरज सिंह रावत, बसपा से महबूब हसन, यूकेडी (डेमोक्रेटिक) से एडवोकेट संगीता बंसल, कांग्रेस से अमन गौर व निर्दलीय प्रत्याशी आशीष ध्यानी ने नामांकन किया। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट से यूकेडी के शिव सिंह रावत, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के अमर सिंह सैनी और निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह ने नामांकन किया है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी समेत आठ लोगों ने नामांकन पत्र लिए हैं। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर एक भी नामांकन नहीं भरा गया।

बुधवार को नामांकन करने का आखिरी दिन है। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा के अजय भट्ट और कांग्रेस के प्रकाश जोशी बुधवार को नामांकन करेंगे। भट्ट के नामांकन में मुख्यमंत्री धामी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हल्द्वानी पहुंच गए हैं। अल्मोड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा नामांकन करेंगे। वहीं हरिद्वार सीट से कांग्रेस के वीरेंद्र रावत नामांकन करेंगे।

### बसपा ने पांचों संसदीय सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित

**हल्द्वानी।** बहुजन समाज पार्टी ने राज्य की पांचों संसदीय सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मंगलवार की देर सायं राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने सूची जारी कर बताया कि नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से अख्तर अली माहीगिर, अल्मोड़ा से नारायण राम, हरिद्वार जमील अहमद, पौड़ी गढ़वाल से धीर सिंह बिष्ट और टिहरी गढ़वाल से नीम चंद्र छुरियाल को सांसद उम्मीदवार बनाया है।

# होली पर सरोवर नगरी नैनीताल हुई रंगों से सराबोर

## कनाडा से बाबा नीब करौरी के दर्शन करने पहुंची सैलानी ने भी होली खेली, मल्लीताल बाजार में शारदा संघ के होल्यारों ने जुलूस निकाला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बीते तीन वर्षों में दूसरी बार दो दिन होली पर्व मनाया गया। वीकेंड के चलते काफी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचे हुए थे। स्थानीय लोगों के साथ साथ सैलानियों ने भी तल्लीताल माल रोड व मल्लीताल पंत पार्क में एक दूसरे को रंग लगाया। मल्लीताल बाजार में शारदा संघ के होलियारों ने होली जुलूस निकाला।

बीते वर्षों की भांति इस वर्ष लोगों में होली को लेकर कम ही उत्साह देखने को मिला। उधर, कैंची धाम में कनाडा से पहुंची ग्रैनोफस्की ने भी होली खेली। ग्रैनोफस्की ने कहा कि वह कैंची धाम में नीब करौरी बाबा के दर्शन करने पहुंची थीं लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यहां होली खेलने का सौभाग्य मिलेगा। यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा अनुभव है। 70 के दशक में उनके पिताजी यहां आए थे। तब से लगातार 30 सालों तक उनके यहां आना-जाना लगा रहा। उनका परिवार प्रार्थना के रूप में उनका नाम लेते हैं।



नैनीताल में होली खेलती युवाओं की टोली। ● अमृत विचार


भीमताल में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार


कनाडा से पहुंचीं ग्रैनोफस्की।

### पानी न मिलने पर होली में भी झेली परेशानी

**हल्द्वानी :** होली के मौके पर भी लोगों को पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ा। जल संस्थान के टैंकरों से पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर लोगों को मजबूरन निजी टैंकर मंगाना पड़ा। वार्ड नंबर 8 के जय दुर्गा कॉलोनी में पिछले तीन-चार दिनों से नलों से सीवर का गंदा पानी आ रहा है। स्थानीय पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि उन्होंने घरों में सीवर का पानी आने की सूचना जल संस्थान के अधिकारियों को दी लेकिन अधिकारी होली में व्यस्त हैं जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बताया कि जय दुर्गा कॉलोनी के लगभग एक दर्जन घरों में सीवर का पानी आ रहा है जिससे होली के त्यौहार में भी लोगों ने परेशानी झेली।

## रामनगर में सड़कों पर होल्यारों की टीम ने जमाया रंग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** इस बार होली रामनगर में दो दिन मनाई गई। नगर क्षेत्र में होली का पर्व सोमवार को मनाया गया। जबकि मंगलवार को पर्वतीय बाहुल्य ग्रामीण अंचलो में होली होली का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह-सुबह लोग अबीर गुलाल लेकर गुलरसिद्ध मंदिर व बाल सुंदरी मंदिर पहुंचे जहां भक्तों ने भोले नाथ को अबीर गुलाल के साथ गुजिया का प्रसाद चढ़ाया। घरों से लेकर सड़कों तक महिला एवं पुरुष होल्यारों की टीम ढोलक, मजीरे की धुन पर नाचते रहे।

**विशेष बच्चों के साथ होली**

**मनाई :** बसई रामनगर स्थित यूएसआर इंदू समिति द्वारा संचालित 'चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट (बालिका, बालिका) व जेएसआर स्पेशल स्कूल होली उत्सव मनाया गया। इस दौरान विशेष बच्चों के साथ स्कूल स्टॉफ ने होली खेली। होली उत्सव में यूएसआर इंदू समिति के प्रबंधक संदीप रावत, प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र रावत, अधीक्षिका बालिका अनिता गुसांई, नर्स मुन्नी पुरोहित, हाउस मदर ममता अरोरा, प्रोबेशन अधिकारी बालिका रजनी रावत, हाउस कीपर दिया बिष्ट, हाउस कीपर रजनी सहित विशेष बच्चे उपस्थित थे। होली के बाद बच्चों को फल और मिष्ठान का वितरण भी किया गया।


रामनगर के एक गांव में होली मनाता परिवार। ● अमृत विचार

### भीमताल में हर्षोल्लास के साथ मनाई होली

**भीमताल :** भीमताल व आसपास के क्षेत्र में होली को उत्साहपूर्वक मनाया गया लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। मेहरा गांव में युवकों में विशेष उत्साह देखा गया युवकों ने एक दूसरे को रंग लगाकर परंपरागत होली गायन किया।

## सार-संक्षेप


गुरुदेव कॉलोनी दमुवाढूंगा में होली खेलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिला उत्थान समिति ने मनाई होली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महिला उत्थान समिति गुरुदेव कॉलोनी, दमुवाढूंगा में होली मिलन कार्यक्रम हुआ जिसमें महिलाओं ने होली गायन के साथ ही अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विमला, पार्वती, कांति, कमला शीला रूपा राधा कला शांति सीमा बसंती गंगा गीता संगीता दीपा परी लक्ष्मी इंदिरा आदि मौजूद रहे।


हल्द्वानी में परमजीत सिंह शंटी के आवास पर होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

### तनुज बने युकां के प्रदेश महामंत्री



**रामनगर :** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने युवा कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रामनगर नगर पालिका के निवर्तमान सभासद तनुज दुर्गापाल को युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव बनाया है। तनुज दुर्गापाल पूर्व में भी युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रह चुके हैं।

### मोबाइल और नगदी उड़ाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर :** पुलिस ने मोबाइल और नगदी चुराने के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सैनी ने बताया कि प्रेम सिंह नेगी निवासी कोसी रोड हनुमानगढ़ी और धरम सिंह निवासी ग्राम भैरेवी जिला दैलेख कर्णाली प्रदेश, नेपाल मंगलवार को कोतवाली पहुंचे। ये दोनों अपने साथ अमित आर्या (उम्र 24) निवासी हनुमानगढ़ी और दीपक कश्यप (उम्र 31)निवासी नई बस्ती गुलरघट्टी वर्ष को पकड़कर लाए थे। बताया कि इन दोनों ने 25 मार्च, सोमवार को धरम सिंह की जेब से मोबाइल फोन और नकदी चुराई थी। पुलिस ने प्रेम सिंह नेगी तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों अमित आर्या और दीपक कश्यप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।


चतुर बोरा का स्वागत करते जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी।

### पूर्व भाजुयमो जिलाध्यक्ष चतुर बोरा की हुई घर वापसी

**हल्द्वानी :** भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष चतुर बोरा की घर वापसी हो गई है। मंगलवार को मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू के आदर्श नगर स्थित आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने फूलमाला पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। वह विधानसभा चुनाव-2022 में भाजपा से निष्कासित किए गए थे। इस अवसर पर सीएम व जिलाध्यक्ष ने बोरा से आगामी चुनाव के लिए जुट जाने को कहा। वहीं, बोरा ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और लगन से केंद्र व राज्य सरकार की जनहित नीतियां घर-घर तक पहुंचाएंगे। इस दौरान हरिमोहन अरोरा, शंकर कोरंगा, जगदीश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड के पांच बाघों की दहाड़ अब राजस्थान में सुनाई देगी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** देशभर में बाघों के संरक्षण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा उत्तराखंड अब बाघों को दूसरे राज्यो में भेजने के लिए भी सक्षम हो चुका है। राजस्थान में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए उत्तराखंड से पांच बाघ भेजने की सहमति बनी है।

बाघ संरक्षण से जुड़े उच्चाधिकारियों की मानें तो राजस्थान में बाघ संरक्षण के कार्य के तहत वहां की सरकार ने एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) से उत्तराखंड से पांच बाघों को शिफ्ट कराने का अनुरोध किया था। सूत्रों के अनुसार, एनटीसीए ने इसके लिए सहमति दे दी है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि राजस्थान के लिए शिफ्ट किए जाने वाले बाघ उत्तराखंड के किस हिस्से से चिह्नित किए जाएंगे। वह नेशनल पार्कों से जाएंगे या फिर इनसे बाहर किसी वन प्रभाग से इसे लेकर उत्तराखंड वन्यजीव समिति को निर्णय लेना है।



> राज्य सरकार ने फिलहाल चार बाघ राजस्थान भेजे जाने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। अभी प्रारंभिक प्रक्रिया गतिमान है। जल्द ही यह कवायद धरातल पर पूरी हो जाएगी। - समीर सिन्हा, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक

### प्रमुख सचिव कॉर्बेट की व्यवस्था से हुए रूबरू

**रामनगर :** प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) और वन एवं पर्यावरण रमेश कुमार सुधांशु ने सोमवार को कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रबंधन से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने रामगंगा जलाशय में गश्त बढ़ाने के लिए एक और मोटर बोट का प्रस्ताव भेजने का निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होने कॉर्बेट के कर्मचारियों से भी सीधे संवाद किया। इस दौरान उत्तराखंड वन विभाग के प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक एवं प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक डॉ. समीर सिन्हा भी मौजूद रहे।

### नैनीताल के हांडी बांडी क्षेत्र में गुलदार का आतंक

**नैनीताल :** शहर के बारापत्थर हांडी बांडी क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है। सुबह-सुबह गुलदार ने भवन परिसर में आकर पालतू कुत्ते पर हमला बोल दिया। गनीमत रही कि बरामदे से बाहर की ओर शीशा लगा हुआ था। भवन स्वामियों के हो हल्ला मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। लोगों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाकर व पिंजड़ा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। हांडी बांडी क्षेत्र में निवासी कुलदीप कुमार ने मंगलवार सुबह अपना कुत्ता कमरे के बाहर बरामदे में बांधा हुआ था। इसी बीच वहां गुलदार धमक गया। पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने मोबाइल पर गुलदार की चहलकदमी कैद कर ली। काफी देर घात लगाने के बाद गुलदार ने बरामदे में बंधे कुत्ते पर हमला बोल दिया। मगर भीतर से शीशा लगा होने के कारण हमला नाकाम रहा। भवन स्वामियों के हो हल्ला करने के बाद गुलदार जंगल की ओर भाग गया।

### उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से

**रामनगर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बुधवार से शुरू होगा। परिषद ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य के 29 मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। 10 अप्रैल तक होने वाले मूल्यांकन के लिए 29 केंद्रों में 3574 परीक्षक लगाए गए हैं। बोर्ड के अपर सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 11,38160 पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें 10वीं कक्षा की 6,90564 और 12वीं कक्षा की 447596 उत्तरपुस्तिकाएं हैं। सिमल्टी ने बताया कि मूल्यांकन कार्य सुबह 9 .30 बजे से शाम 5 .30 बजे तक चलेगा। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### डेढ़ किलो से अधिक चरस के साथ तीन गिरफ्तार

**नैनीताल :** समीपवर्ती आमपड़ाव क्षेत्र में पुलिस ने एक किलो 700 ग्राम चरस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य पुलिस टीम के साथ आमपड़ाव क्षेत्र में चेकिंग अभियान में जुटे हुए थे। दोपहर में हल्द्वानी की ओर से दो स्कूटी में सवार तीन युवक नैनीताल की ओर आते हुए दिखे। पुलिस को देख दोनों स्कूटी मोड़कर युवक भागने का प्रयास करने लगे। मगर पुलिस ने पीछा कर तीनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ व तलाशी लेने पर तीनों के पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। जिएसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि बनभूलपुरा निवासी मियाज खान के पास से 950 ग्राम, शब्बू अली के पास से 400 ग्राम, मोहम्मद मोबिन के पास से 350 ग्राम चरस बरामद हुई है।





























# नाना-नानी के साथ होली मनाने ननिहाल आया था स्वयम

## तीन दिन पहले ही पहुंचा था हल्द्वानी, दोस्तों के साथ जा रहा था घूमने, घर का बड़ा बेटा था युवक, हल्द्वानी में हुआ अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में मारा गया स्वयम कुमार (22 वर्ष) तीन दिन पहले ही दिल्ली से हल्द्वानी पहुंचा था। सुबह तड़के ही दोस्तों के साथ घूमने के लिए घर से निकला था। नाती के वापस लौटने की राह देखने वाली आंखों ने जब उसका शव देखा तो पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना मिली तो दिल्ली से परिवार को बुलाया गया। उसका दाह संस्कार हल्द्वानी में किया गया।



मूल रूप से दिल्ली निवासी स्वयम कुमार के पिता अशोक कुमार दिल्ली स्थित निजी कंपनी में कर्मचारी हैं। अशोक परिवार के साथ ही दिल्ली में रहते हैं। वह घर का बड़ा बेटा था। उसके दो छोटे भाई सक्षम और मीत हैं। वह बीबीए का छात्र था। परिजनों के मुताबिक स्वयम इस बार होली अपने नाना-नानी के साथ मनाने के लिए त्योहार से तीन दिन पहले ही हल्द्वानी पहुंच गया था। सोमवार की सुबह दोस्त तरुण, अमित, करण और आशीष के साथ घर से घूमने के लिए निकला था। एक तरफ घरवालों को स्वयम के घर लौटने का इंतजार था। नाना-नानी की बुजुर्ग आंखें नाती के साथ होली खेलने की राह तक रही थीं। कि कुछ ही घंटे बाद पुलिस के एक फोन कॉल ने उनकी दुनिया ही उजाड़ दी। पता चला कि हादसे में स्वयम की मौत हो गई। इसकी सूचना दिल्ली में मौजूद युवक के माता-पिता को दी गई। उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।



नैनीताल रोड पर दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार

## 10 साल से थी दोस्ती एक साथ ही तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में दम तोड़ने वाले पूर्व सैनिक और व्यापारी एक-दूसरे के पक्के दोस्त थे। मित्रता ऐसी थी कि एक साथ ही दुनिया को अलविदा कह दिया। दोनों परिवारों में मातम छाया हुआ है।

मूलरूप से अल्मोड़ा के लमगड़ा तोली निवासी जगजीवन सिंह ढैला (68 वर्ष) हल्द्वानी में नैनीताल रोड स्थित सुभाषनगर में परिवार के साथ रहते थे। वह सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वहीं आवास विकास निवासी बुजुर्ग प्रकाश चंद्र शर्मा कालाढूंगी मार्ग स्थित पीडी प्रिंटिंग प्रेस के मालिक थे। वह स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षक भी थे। दोनों में पिछले दस साल से गहरी दोस्ती थी। दोनों हर सुबह एक साथ टहलने निकलते थे। किसे पता था कि सोमवार की सुबह घर से निकले दोस्त वापस नहीं लौटेंगे। दोस्ती की मिसाल भी ऐसी कायम हुई कि दोनों ने एक साथ ही दुनिया को अलविदा कहा।



सड़क दुर्घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस में विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### मृतकों के आवास पहुंचे सीएम धामी, जताया शोक

**हल्द्वानी :** मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कार दुर्घटना में मरे आवास-विकास निवासी पूरन चंद्र शर्मा और सुभाष नगर निवासी जगजीवन सिंह के आवास पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और घटना पर शोक व्यक्त किया। वहीं स्थानीय विधायक सुमित हृदयेश भी मृतकों के आवास पहुंचे और घटना पर गहरा शोक प्रकट किया।

### कार दुर्घटना के बाद मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** सोमवार को कार की टक्कर से हुई दो बुजुर्गों की मौत के मामले में मृतक पूरन चंद्र शर्मा के पुत्र नितिन शर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनके पिता पूरन चंद्र शर्मा अपने मित्र सुभाष नगर निवासी जगजीवन सिंह ढेला के साथ मॉर्निंग वॉक पर गए थे। सुबह चार बजे देवाशीष होटल के पास तेज रफ्तार कार संख्या डीएल 4सीएएच 8976 ने दोनों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### होली पर 15 सड़क दुर्घटनाएं, 30 लोग चोटिल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** होली पर हल्द्वानी सर्किल में 15 सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिसमें 30 लोग घायल हो गए। चार की मौत हुई। पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बेहतर इंतजाम किए थे। जगह जगह फोर्स तैनात थी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचकर जवानों को अबीर गुलाल लगाया और होंसलाफजाई किया। फिर भी वाहन चालकों ने यातायात नियम तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हल्द्वानी सर्किल में 15 सड़क दुर्घटनाएं हुई। घायलों ने अस्पताल में उपचार कराया।

## रामनगर के धनगढ़ी के पास टायर फटने से बस पलटी



**रामनगर:** पहाड़ की तरफ से आ रही कुमाऊं आदर्श ट्रांसपोर्ट की बस मंगलवार की दोपहर रामनगर के धनगढ़ी नाले के पास हेयर पिन बैंड पर टायर फटने से सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि बस में केवल स्टाफ के चार लोग थे, उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ है।

कुमाऊं आदर्श यूनियन के सचिव नारायण सिंह ने बताया कि होली पर बस मालिक नरेंद्र रावत बस अपने घर पहाड़ ले गया था, जहां कल सुबह इस बस का नंबर रामनगर से पहाड़ के लिए था। वह मंगलवार सुबह अपने घर से रामनगर के लिए बस लेकर निकला था। इसमें बस मालिक के साथ अन्य कुमाऊं आदर्श के ही तीन अन्य कंडेक्टर और ड्राइवर सवार थे। उन्होंने बताया कि जब यह बस धनगढ़ी के पास पहुंची तो निर्माण कार्य के पास टायर में सरिया लग जाने से टायर फट गया। कुछ दूरी के बाद बस पलट गई। बस में स्टाफ के ही 4 लोग शामिल थे, जो तुरंत ही बस से बाहर निकल गए। उन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं। बस को क्रेन की मदद से उठाकर रामनगर ट्रांसपोर्ट नगर लाया गया है।

## एक नजर

### टेंपो और ई-रिक्शा में की तोड़फोड़, तहरीर सौंपी

**हल्द्वानी :** शराब के नशे में धुत युवक ने टेंपो और ई-रिक्शे में तोड़फोड़ की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 37 दमुवाढूंगा निवासी मिथिलेश कश्यप ने पुलिस को बताया कि उसने अपने भाई लिए नया ई-रिक्शा खरीदा है। वहीं टेंपो को किराए पर लिया है। मंगलवार को क्षेत्र में रहने वाला एक युवक नशे में धुत होकर आया। उस समय वह अपनी मां के साथ घर पर थी। आरोप है कि युवक ने बिना कोई बात के टेंपो और ई रिक्शे में तोड़फोड़ कर दी। एसओ विमल मिश्रा ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### सिंचाई नहर में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**रामनगर :** भवानी गंज स्थित बड़ी सिंचाई नहर में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की शिनाख्त मुकेश शर्मा (34) पुत्र सीता राम निवासी ऊंटपड़ाव चोरपानी रामनगर जिला नैनीताल के रुप में हुई। मंगलवार की सुबह बड़ी सिंचाई नहर में लगभग 34 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। कयास लगाया जा रहा है कि युवक देर रात नहर में गिर गया होगा क्योंकि उसका शरीर पूरी तरह से ऐंठ गया था। सूचना मिलने पर तत्काल अग्निशमन केंद्र से रेस्क्यू टीम ने मौके पर जाकर शव को निकाला। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया है पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है।

### दो दिन बाद बदल जाएगा मौसम, बारिश का अनुमान

**हल्द्वानी :** दो दिन बाद फिर से मौसम में परिवर्तन हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है और बारिश होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य में एक बार फिर से बारिश होने के आसार हैं। 29 मार्च से मौसम में परिवर्तन होगा। 31 मार्च तक बारिश होने के आसार बन रहे हैं। इस दौरान तापमान में भी गिरावट आएगी। पहाड़ से लेकर मैदान तक सभी जगह बारिश हो सकती है। इधर हल्द्वानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री के आसपास रहा और साथ ही न्यूनतम तापमान 13 .4 डिग्री दर्ज किया गया है।

### होली पर बस स्टेशन पर पसरा रहा सन्नाटा

**हल्द्वानी :** होली पर मंगलवार को रोडवेज स्टेशन में सन्नाटा पसरा रहा। दिल्ली सहित सभी रूटों पर पर्याप्त बसों की व्यवस्था थी लेकिन यात्री नहीं थे। दिल्ली के लिए जहां आमतौर पर 15-20 बसें जाती हैं लेकिन मंगलवार को दिल्ली के लिए केवल 4 बसों का संचालन किया गया। इसी तरह अन्य रूटों पर भी यात्री नहीं थे। रोडवेज स्टेशन के संचालन इंचार्ज एमएस मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को होली के कारण यात्रियों ने सफर नहीं किया। बताया कि बुधवार (आज) से होली मनाकर लोग वापस जाएंगे जिससे यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

### ट्रांसफार्मर पर चढ़ा युवक करंट से झुलसा

**नैनीताल :** पाइंस क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर पर चढ़ा अज्ञात युवक करंट लगने से झुलस गया। इसके चलते ऊर्जा निगम को शटडाउन करना पड़ा। क्षेत्र में लगभग एक घंटे तक बिजली गुल रही। एक अज्ञात व्यक्ति लगभग सोमवार रात पौने दस बजे पाइंस स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में जूते खोलकर नंगे पैर चढ़ गया। इस दौरान युवक करंट लगने से झुलस गया। ट्रांसफार्मर में चिंगारी देख ऊर्जा निगम की ओर से शटडाउन लिया गया। इसके चलते लाइट चली गई और युवक जमीन पर गिर गया। जब कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो वहां युवक झुलस गया था। इसके बाद ऊर्जा निगम के जेई विक्रम बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचित किया। सूचना के बाद पुलिस व ऊर्जा निगम कर्मी घायल को बीडी पांडे अस्पताल ले आए। युवक ने पूछताछ में अपना नाम दीपक गुणवंत बताया है। जो हाईकोर्ट के किसी अधिकारी का ड्राइवर बताया जा रहा है। एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि युवक को अस्पताल पहुंचाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी है। साथ ही युवक के परिजनों को सूचित कर दिया है।

# अलग-अलग मामलों में पांच लोगों की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

### होली पर फिर कई घरों में पसरा मातम

**हल्द्वानी :** होली के पर्व पर इस साल फिर चार घरों में खुशियों की जगह मातम पसर गया। कार की टक्कर से दो बुजुर्गों के अलावा कार सवार एक युवक की भी जान चली गई। वहीं बाइक रपटने से एक युवक की भी मौत हो गई। होली पर्व पर साल-दर साल दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। पिछले साल भी सड़क दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गई थी। पिछले साल रूपनगर मुखानी निवासी हर्षिता (22) अपनी सहेली लव्या को होली मनाने के बाद उसके घर छोड़ने स्कूटी से जा रही थी। केवीएम स्कूल के पास तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा में जाकर स्कूटी में टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दोनों युवतियां कई फीट दूर जा गिरीं। कार ने हर्षिता को रौंद दिया। जिससे हर्षिता की मौत हो गई थी। इस साल होली के पर्व हुई कार दुर्घटना में भी तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं बाइक रपटने से भी एक युवक ने अपनी जान गवां दी।

**अमृत विचार:** अलग-अलग मामलों में पांच लोगों की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है।

पर्वतीय मोहल्ला सावित्री कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय छात्र अनमोल दिवाकर संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को फांसी पर लटका मिला। परिजन उसे लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, प्रताप राम (39) निवासी देवला मल्ला गौलापार रविवार रात सोए हुए थे। रात को वह शौच करने के लिए बाहर गए। पीछे का दरवाजा खोलकर जैसे ही वह बाहर निकले, घर के पीछे बहने वाले नदी में जा गिरे। सोमवार घर के पीछे नदी से उनकी लाश बरामद हुई। उधर, चंदन सिंह (55) निवासी देवला मल्ला गौलापार ने सोमवार दिन में कोई विषैला पदार्थ निगल लिया। इससे उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, नाथुपुर छिम वाल बेरीपड़ाव निवासी 36 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी में लटकी मिली। परिजन उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पिथौरागढ़ निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को विषैला पदार्थ गटक लिया। गंभीर अवस्था में परिजन उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



हल्द्वानी में रात करीब आठ बजे रामपुर रोड पर पलटी कार। ● अमृत विचार

### बेलबाबा मंदिर के पास पेड़ से टकराई कार, पिता-पुत्र चोटिल

हल्द्वानी, अमृत विचार : पेड़ से टकराकर एक कार पलट गई। बताया जा रहा है कि कार में पिता-पुत्र सवार थे। घटना में दोनों को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड पर देर रात करीब 8 बजे बेल बाबा मंदिर के पास कार संख्या यूके 04 एई 1922 पेड़ से टकरा कर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में पिता-पुत्र सवार थे। जिन्हें राहगीरों ने कार से निकालकर इलाज के लिए भेज दिया।

## खाई में गिरी कार तीन पर्यटक घायल

**नैनीताल, अमृत विचार:** नैनीताल से हल्द्वानी को जा रही पर्यटकों की कार सोमवार देर शाम गहरी खाई में गिर गई। खाई में गिरने से कार में सवार तीन पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार शाम रुद्रपुर से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक अपनी कार से लौट रहे थे। वापसी में पर्यटक आम पड़ाव पहुंचे थे कि उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे उतर कर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। राहगीरों ने कार गिरती देख पुलिस को सूचित कर दिया। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि कार में रुद्रपुर निवासी यशभान राज, राजवेसर व अमन मौजूद थे। तीनों को बेस अस्पताल भिजवाया गया है।



पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी पर प्रकाश जोशी ने साधा निशाना

**नैनीताल/भीमताल।** नैनीताल उधमसिंह नगर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी सोमवार को नैनीताल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने तल्लीताल कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद मां नयना देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर निशाना साधा। प्रकाश जोशी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पास कोई उद्देश्य नहीं था, जिसके चलते पांच साल में अपनी सांसद निधि का केवल 40 फीसदी ही खर्च कर पाए। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, मुन्नी तिवारी, सरस्वती खेतवाल, रमेश पांडे, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, मुकेश जोशी, हिमांशु पांडे, मनमोहन कनवाल, भावना भट्ट, पुष्कर बोरा, पप्पू कर्नाटक, कमलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के भीमताल आगमन पर भीमताल क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में रामपाल सिंह गंगोला, नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, देवेंद्र सिंह चनोतिया आदि मौजूद रहे।

### रंग लगाने को लेकर छात्र से मारपीट की

**हल्द्वानी :** छात्र संघ से जुड़े विद्यार्थी एक बार फिर भिड़ गए। होली का रंग लगाने के दौरान आपस में झड़प हुई जो मारपीट में बदल गई। एक छात्र ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

ध्रुव पांगती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कहा कि वह मंगलवार दोपहर एक बजे काठगोदाम चौराहे पर खड़ा था। तभी एक दर्जन लोग अलग-अलग वाहनों से पहुंचे। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता सभी लोगों ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में उसका हाथ टूट गया जबकि बीचबचाव करने आए दोस्त का मोबाइल टूट गया। जब वह इलाज को बेस अस्पताल पहुंचा तो वहां भी इन छात्रों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

# खोदी गई सड़क पर बाइक रपटी, युवक घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे को खोद कर ढंग से भरान नहीं किया है। मंगलवार को यहां बाइक सवार के रपटने से वह गंभीर घायल हो गया। पीडब्लूडी व जल संस्थान के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बड़ी घटना हो सकती है।

हल्द्वानी से आ रहा बाइक सवार कश्मीर सिंह निवासी हरिपुरा हरसान वन निगम के पास खोदी गई सड़क पर रपटने से गिरकर घायल हो गया। बेहोशी में आसपास के दुकानदार उन्हें उठाकर अपनी स्कूटी से लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया।



घायल बाइक सवार।



ठेकेदार द्वारा इस तरह रोड को क्षतिग्रस्त कर छोड़ दिया गया है। ● अमृत विचार

बताते चलें कि दस दिन पहले जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुलजापुर बंकी चकलुवा में हर घर नल योजना की लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने जेसीबी से कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे में वन निगम डिपो से चकलुवा मुख्य बाजार तक चार जगहों पर सड़क खोदकर यूंही छोड़ दिया है।

पाइप डालने के बाद उसे ढंग से भरा नहीं गया है। इससे कई बार दो पहिया चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। दुकानदार गोपाल महरा ने बताया कि सोमवार को भी बाइक सवार गिरकर घायल हो गया था। जल संस्थान के जेई खगेन्द्र जोशी ने बताया कि मिट्टी दब गई है, जल्द मिट्टी भरान कर सड़क को ठीक किया जाएगा।

# प्रदेश प्रवक्ता के घर पहुंचे सीएम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत के आदर्श नगर गली नंबर-1 स्थित आवास पर पहुंचें और उनके भाई के निधन पर शोक जताया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत के भाई बिशन सिंह रावत का बीती 15 मार्च को बीमारी के चलते निधन हो गया था। मंगलवार को उनका पीपलपानी था। इधर, मुख्यमंत्री धामी भी रावत के आवास पर पहुंचे और उन्होंने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

फिर उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही परिजनों का हालचाल भी जाना। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, विकास भगत, जगदीश बिष्ट, चतुर वोरा, सुरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत के घर सांत्वना जताते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### तीन दिन बाद सरकारी अस्पतालों में आज खुलेगी ओपीडी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बेस और महिला अस्पताल में मंगलवार को होली का अवकाश दिया गया और ओपीडी बंद रही। इधर मंगलवार को सुशीला तिवारी अस्पताल की भी ओपीडी बंद रही। बुधवार को तीन दिन बाद ओपीडी खुलेगी।

बेस और महिला अस्पातल में रविवार और सोमवार को ओपीडी बंद थी। सोमवार को होली का अवकाश दिया गया था। इसके बाद मंगलवार को भी होली का अवकाश दिया गया। इधर एसटीएच में भी मंगलवार को ओपीडी बंद रही। अब बुधवार को तीनों सरकारी अस्पतालों की ओपीडी खुलेगी। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की भीड़ रहने का अनुमान है क्योंकि लगातार तीन के अवकाश के बाद ओपीडी खोली जाएगी।





रामलीला मैदान में होली के अवसर पर अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार



सांसद अजय भट्ट के निवास पर होली खेलते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## लालकुआं में भी खेली गई होली

**लालकुआं, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट पहुंचे। उन्होंने होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। इसके अलावा लालकुआं एवं बिंदुखत्ता क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। दोपहर के बाद स्थानीय कोतवाली में पुलिस ने जमकर होली खेली।

# होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

### रामलीला मैदान में अग्रवाल सभा की ओर से होली मिलन समारोह व संगीत संध्या का आयोजन, बच्चों ने मनोहर झांकियां प्रस्तुत कीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रामलीला मैदान में सोमवार को होली मिलन और संगीत संध्या का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंथन स्कूल, नूपुर कला केंद्र, सुजाता नृत्यालय, राजमणि डांस अकेडमी, असिल रिदम, मां सरस्वती विद्यालय केंद्र, शिवेंद्र विशेष विद्यालय समेत 250 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोहर झांकियां प्रस्तुत की। इससे पहले आयोजन का शुभारंभ अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील बंसल, कैलाश अग्रवाल, महामंत्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नीरज प्रभात गर्ग ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। राजेंद्र कुमार अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल और राजीव कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, वर्तमान अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रकाश हरबोला, रेनू अधिकारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, सचिन, मनोज, निशुल अग्रवाल, तरुण बंसल, सौरभ अग्रवाल, विनीत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

उधर, कुसमखेड़ा स्थित पीतांबरा धाम में आकाश नैनवाल ने सिद्धि को दाता रंग रंगीली नार गाकर समा बांध दिया। डॉ. पंकज उप्रेती, भुवन कांडपाल, अनीता, गिरीश चंद्र कांडपाल, बीडी जोशी, विपिन कांडपाल, रमेश सुयाल, भास्कर भट्ट, रमेश मौजूद रहे।



अपने आवास पर होली खेलते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

### विधायक भगत के आवास पर भी रही होली की धूम

**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत के आवास पर होली की धूम रही। पारंपरिक कुमाऊं होली और ब्रज की होली का गायन किया गया। सांस्कृतिक टीम ने राधा-कृष्ण के रूप में नृत्य किया। फूलों की होली भी खेली गई। बड़ी संख्या में आए लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विधायक भगत ने सभी को अबीर गुलाल लगाया और होली की बधाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ पीसीएस अफसर आरडी पालीवाल, पूर्व विधायक महेश नेगी, दान सिंह भंडारी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक अरविंद डंगवाल, देवेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



अपने आवास पर होल्यारों के साथ विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

### सांसद अजय भट्ट व विधायक सुमित के घर में खेली होली

**हल्द्वानी :** नैनीताल सीट से सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के निवास पर होली मनाई गई। लोगों ने भट्ट को अबीर-गुलाल लगाया और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के घर में भी लोगों ने होली खेली। लोगों ने विधायक को अबीर-गुलाल लगाया और गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।



पीतांबरा धाम में आयोजित होली में कार्यक्रम प्रस्तुत करते होल्यार। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप




वेंडी स्कूल में होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

### वेंडी स्कूल में फूलों से होली खेली

**हल्द्वानी :** वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली उत्सव मनाया गया। स्कूल में खड़ी और बैठकी होली का गायन हुआ। बच्चों ने फूलों की होली खेली। सामाजिक सद्भाव को प्रदर्शित करते हुए बच्चों के लिए क्लास पार्टी हुई। इस दौरान स्कूल संस्थापक डॉ. विकल बवाड़ी, प्रधानाचार्या डॉ. भावना बवाड़ी, व्यस्थापक बिरेन्द्र रावत, व्यस्थापिका मंजू थापा, शिक्षक विजय जोशी, रोहित पांडेय आदि थे।



कालाढूंगी में होली खेलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई होली, जमकर अबीर-गुलाल उड़ा

**कालाढूंगी :** होली पर कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव व चकलुवा में लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल रहा। लोगों ने होली के गीत गाकर जमकर मस्ती की।



रामपुर रोड स्थित चांदनीचौक गढ़वाल में होली गीतों पर नृत्य करते लोग।

### दो दिन रही होली की धूम

**हल्द्वानी :** शहर में इस बार दो दिन होली मनाई गई। सोमवार को बाजार पूरी तरह बंद रहा जबकि मंगलवार को कुछ दुकानें खुली रहीं। जहां एक तरफ लोगों ने उल्लास के साथ होली मनाई तो वहीं अधिकांश युवा दिनभर सड़कों पर हुड़दंगबाजी करते हुए नजर आए। शहर के सभी प्रमुख चौराहों समेत अन्य स्थानों पर लोग होली के सरोबार में डूबे हुए नजर आए। रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक गढ़वाल में लोगों ने घर-घर जाकर और होली गीतों पर झूमकर खूब होली खेली।

### होल्यारों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**हल्द्वानी :** भूमिया देवता मंदिर संचालन समिति ने बिठोरिया नंबर एक क्षेत्र में होली का आयोजन किया। कार्यक्रम में शिव के मन माहि बसे काशी, जल कैसे भरूं जमुना गहरी, दधि लूटे नंद को लाल बेचन न जइयो गीतों के साथ लोगों ने समा बांध दिया। साथ ही होल्यारों ने हर वोट जरूरी है के उद्घोष वाक्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया। इस दौरान इंदर सिंह, तेज सिंह धौनी, भोपाल सिंह, नैन सिंह रौतेला, कैलाश चंद थुवाल, गौरी शंकर कांडपाल, राजेंद्र सिंह रौतेला, नवीन जोशी, श्यामसुंदर मिश्रा, केसी संग्रौला आदि उपस्थित रहे।

# राम-सीता स्वयंवर ने किया भावविभोर

**उत्साह**

▸▸ महावर वैश्य सभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी



महावर समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महावर वैश्य सभा की ओर से क्रिस्टल शुभ सागर लॉन में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समाज के कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। सामूहिक नृत्य, फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात महावर महिला समिति, महावर समाज के बाल कलाकारों ने राम सीता स्वयंवर की सुंदर प्रस्तुति की।

समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सौरभ गुप्ता, संदीप गुप्ता, नीरज गुप्ता, चेतन गुप्ता, हरीश नारायण गुप्ता को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने महावर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 25वीं व 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पूरी करने वाले दंपतियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विपिन गुप्ता व नीरज गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के आयोजन में दीपा गुप्ता व महावर महिला समिति का विशेष योगदान रहा। अंत में समाज के अध्यक्ष प्रेम गुप्ता व महावर महिला समिति अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गजानंद गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, नरेश गुप्ता, जमना गुप्ता, नीता गुप्ता, सरिता गुप्ता, आभा गुप्ता, अनिल गुप्ता, मुकेश गुप्ता श्रीराम गुप्ता का सहयोग रहा।



होली गीतों पर झूमते हुए रोडवेज कर्मचारी। ● अमृत विचार

## रंग बरसे भीगे चुनर वाली...

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में सभी संगठनों के कर्मचारियों ने होली खेली। उन्होंने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और गले लगाते हुए होली की बधाई दी। रोडवेज कार्मिक निर्मल जोशी ने अपनी मधुर आवाज से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कर्मचारी रंग बरसे भीगे चुनर वाली गाने पर खूब थिरके। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, मनोज भट्ट, आनंद बिष्ट, प्रदीप शर्मा, राजेश कोहली, निर्मल जोशी, हेमंत गड़िया, अजय शर्मा, बीसी भट्ट, सुमित कुमार, सतीश लाल आदि मौजूद रहे।

**प्रोत्साहन** लंच पैकेट, रंग, मिठाई बांटकर की हौसला अफजाई, साथ में मनाई होली

# ड्यूटी पर तैनात जवानों के पास पहुंचे एसएसपी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** एसएसपी ने होली पर्व पर घर-परिवार से दूर रह कर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के बीच एकाएक पहुंच गए और उन्हें लंच पैकेट के साथ मिठाई खिलाकर कर्मियों का मुंह मीठा कराया।

एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर शहर सहित जनपद भर में पुलिस तैनात की गई थी। शहर में मुख्य बाजार और चौराहों पर पुलिसकर्मी सतर्क दिखे और हर आने-जाने वालों पर नजर रखी गई। पुलिस मुखिया को अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर अचानक देखकर जवानों के चेहरे पर अलग सी रौनक देखने को मिली। सभी पुलिसकर्मियों से बातचीत कर त्यौहार के माहौल को लेकर जानकारी भी ली गई।

एसएसपी ने जवानों को रंग लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले लगाकर सभी का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने भीमताल तिराहा, कोल्टेक्स, नरीमन तिराहा, खेड़ा, बनभूलपुरा, मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, मुखानी चौराहा, सेंटर हॉस्पिटल, ऊंचापुल, कठघरिया, लामाचौड़, आम्रपाली आदि ड्यूटी प्वाइंट पर लगे सभी महिला एवं अन्य पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया गया।

वहां पर प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी, संगीता सीओ लालकुआं, नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, प्रमोद पाठक पीआरओ समेत संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष भी मौजूद रहे।



पुलिस कर्मियों के साथ होली मनाते एसएसपी प्रहलाद मीणा। ● अमृत विचार

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
CELEBRATING 10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023
SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
hemorrhoid fistula fissure External
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## एक नजर

### आज से बदल जाएगा तराई का मौसम

**काशीपुर :** तराई के लोग गर्मी से झुलसने को तैयार रहें। एक या दो दिन में तराई का तापमान 33 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावनाएं है। 28 और 29 मार्च को बादल छाने के साथ ही बारिश भी हो सकती है। मंगलवार को पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि सोमवार यानि होली के दिन 31 डिग्री तापमान पहुंच गया था। साल 2023 में होली के दिन 30 .9 डिग्री तापमान था। बुधवार, गुरुवार को 33 डिग्री तापमान तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि 28 और 29 मार्च को मौसम में बदलाव दिखेगा। पहाड़ व तराई में बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश हो सकती है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से तापमान में बदलाव नजर आ रहा है। दिन में चटख धूप खिलने से जहां अभी से गर्मी का एहसास होने लगा है।

झटका: कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने छोड़ा हाथ का साथ, प्रदेश और जिला नेतृत्व पर उठ रहे सवाल, आपसी गुटबाजी हावी

# मुख्यालय में टूट रहा कांग्रेस का कुनबा, समेट रही भाजपा

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय में कांग्रेस का कुनबा टूटता नजर आ रहा है। पिछले कई सालों से कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कुछ दिग्गज नेताओं ने हाथ का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। स्थानीय भाजपा विधायक ने इन नेताओं को गले लगाकर भाजपा का कुनबा बढ़ाना शुरू कर दिया है। ऐसे में कांग्रेस के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

बताते चलें कि लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही रुद्रपुर में कांग्रेस को अलविदा कहने वालों की होड़ लगी है। बंगाली समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले ट्रांजिट कैंप के नेता दिलीप अधिकारी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम चुके हैं। वहीं बीते शनिवार को ग्रामीण मंडल से कांग्रेस से जुड़े छह प्रधानों, उप प्रधानों एवं पूर्व प्रधानों सहित छह से सात बीडीसी सदस्यों ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

एक ओर कांग्रेस का प्रदेश एवं जिला नेतृत्व प्रदेश में पांचों सीटें जीतने का दम भर रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस का टूटता कुनबा इस दावे की पोल खोल रहा है। चर्चा है कि रुद्रपुर में कांग्रेस में आपसी गुटबाजी पार्टी को कमजोर कर रही है। अगर यही हाल रहा तो लोकसभा सहित आने वाले निकाय चुनावों में कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं को टोटा पड़ जाएगा।


रुद्रपुर में भाजपा में शामिल कांग्रेस नेताओं के साथ प्रत्याशी अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार


"भाजपा की डबल इंजन सरकार कुर्सी का दुरुपयोग कर ईडी, आयकर और सीबीआई का खौफ दिखाकर कांग्रेस ही नहीं, बल्कि अन्य दलों को भी तोड़ रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी है। रुद्रपुर में कांग्रेस के नेताओं को प्रलोभन, सरकारी मशीनरी का भय और धनोपार्जन कमाने का लालच देकर भाजपा में शामिल किया जा रहा है। कांग्रेस परिवार को मजबूत बनाने का प्रयास जारी है।
**-हिमांशु गाबा,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस


"कांग्रेस ने हमेशा परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा दिया है। 70 सालों से देश पर राज करने के बाद कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई सम्मान नहीं दिया और हमेशा पूंजीपतियों को सहारा दिया। मगर पीएम मोदी ने देश का नेतृत्व किया और भाजपा में हर सक्रिय कार्यकर्ता को सम्मान दिया। साथ ही केंद्र व प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका दिया है। रुद्रपुर में कई कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की सदस्यता होनी है। देश व राज्य का विकास भाजपा ही कर सकती है।
**-कमल जिंदल,** जिला अध्यक्ष भाजपा

### ये हुए शामिल

**रुद्रपुर :** विक्रम सिंह, गुरनाम सिंह, इंद्र पाल सिंह, मुकेश राणा, विशन सिंह, बीडीसी सदस्य सुखदेव सिंह, अंकित बठला, महेंद्र सैनी, मनोज मिस्त्री, विप्लव विश्वास, विनोद सिंह, नरेश टपाली, गौरव मालाकार, कमलेश मिस्त्री, कीर्ति राय, अनूप सरदार, राजेंद्र चौधरी, भारत मिश्रा, योगेंद्र तिवारी, अजीत सोलंकी, पंकज ओझा, रामदयाल सिंह, गुरुदयाल सिंह, दिनेश भंडारी, विक्की सिंह, कुलविंदर सिंह, प्रेम सिंह बिष्ट, संजय सिंह, बबलू, हरजीत सिंह, कृपाल सहाय, योगेंद्र गिरी, देवेंद्र मंडल, मनदीप सिंह, जॉनी भाटिया, लाडी भाटिया, रवि शंकर शाह, कमल जोशी, अक्षय कुमार, भारत सिंह, शंकर वर्मा, सौरभ बिष्ट, कमल सिंह, शैलेश सिंह, नीतिश गुप्ता, सुनीता मुंजाल, सचिन मुंजाल आदि ने भाजपा की सदस्यता ली। जिनका लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# ट्रांसपोर्ट के गेट पर शव रखकर जताया आक्रोश

महाराष्ट्र में हुई थी चालक कुलविंदर की मौत, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार, आश्वासन पर माने ग्रामीण


दिनेशपुर के मोहनपुर मुंजाल ट्रांसपोर्ट के गेट पर ग्रामीणों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** मुंजाल ट्रांसपोर्ट मोहनपुर के चालक की महाराष्ट्र में मौत के बाद ग्रामीणों ने परिजनों के साथ ट्रांसपोर्ट के गेट पर शव रखकर आक्रोश प्रकट किया और पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के काफी समझाने के बाद परिजन व ग्रामीण शांत हुए।

सोमवार की रात कुलविंदर सिंह (24) पुत्र गुरदीप सिंह निवासी चुनपुरी झगड़पुरी का शव मोहनपुर मुंजाल ट्रांसपोर्ट के गेट पर रखकर

**विरोध**

ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया। परिजनों ने बताया कि कुलविंदर सिंह मुंजाल ट्रांसपोर्ट मोहनपुर में वाहन चालक के पद पर कार्यरत था। मृतक कुछ दिन पूर्व गाड़ी लेकर महाराष्ट्र गया था। उसके घर न लौटने पर परिजनों ने मुंजाल ट्रांसपोर्ट में मोबाइल से संपर्क साधा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक के लहर दौड़ गई। परिजन व ग्रामीण मृतक चालक कुलविंदर के शव को लेकर सोमवार की रात मुंजाल ट्रांसपोर्ट मोहनपुर पहुंचे। उन्होंने शव को गेट पर रखकर न्याय की गुहार लगाई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। उनकी ग्रामीणों से काफी नोकझोंक भी हुई। बाद में थानाध्यक्ष रावत ने परिजनों से लिखित तहरीर देने पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिस पर ग्रामीण शांत हुए और शव को लेकर वहां से चले गए। उन्होंने तीन दिन का समय देते हुए स्पष्ट जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## कब्रिस्तान में महिला का शव दफन करने का विरोध

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** हत्या की आशंका के चलते महिला के शव को कब्रिस्तान से निकालकर पोस्टमार्टम कराने के बाद जब मायके वाले दोबारा दफनाने के लिए कब्रिस्तान पहुंचे तो लोगों के भारी विरोध किया। बाद में परिजनों ने शव को उत्तर प्रदेश के कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया।

गदरपुर निवासी मोबिन अली ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन नफीसा का विवाह केलाखेडा वार्ड नं 4 निवासी गुलाम हुसैन से वर्ष 2002 में हुआ था। शादी के बाद उसके तीन बच्चे हुए। आरोप लगाया कि गुलाम हुसैन और उसकी पहली पत्नी की बेटी निशा उसकी बहन नफीसा से मारपीट करती थी। बीती 19 जनवरी को नफीसा की हत्या कर दी। मायके वालों को बिना बताये नफीसा के शव को दफना दिया गया। मोबिन ने अपने बहनोई गुलाम हुसैन और अन्य लोगों पर बहन की हत्या करने की आशंका जताई और न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय के आदेश पर गुलाम हुसैन, उसकी बेटी निशा और गांव बहादूर का मजरा थाना स्वार रामपुर निवासी सीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीओ बाजपुर अन्न राम आर्य, तहसीलदार अक्षत भट्ट बाजपुर, थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल, मस्जिद सदर जावेद खान की निगरानी में मृतका नफीशा के शव को 24 मार्च को कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद जब परिजन शव को किला खेड़ा कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले गए तो कब्रिस्तान कमेटी और ग्रामीणों ने शव को कब्रिस्तान में दफनाने से मना कर दिया। थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद शव को गदरपुर में दफनाने की बात कही। परिजन गदरपुर कब्रिस्तान पहुंचे तो यहां भी लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि शव को दफनाने के बाद कब्रिस्तान से निकलना इस्लाम में बहुत बड़ा गुनाह है। लोगों के विरोध के चलते परिजन शव को उत्तर प्रदेश ले गए और सुपुर्द खाक कर दिया।

### होली के दिन बढ़ा वायु प्रदूषण

**काशीपुर :** दीपावली के दिन वायु प्रदूषण का सबसे अधिक खतरा रहता है। पटाखों के शोर और उठने वाले धुंए को वायु प्रदूषण का कारण माना जाता है, लेकिन होली के दिन भी पीएच-10 करीब 130 पर पहुंच गया। हालांकि इसे अधिकारी सामान्य बात बता रहे हैं।

ऊधमसिंह नगर में करीब 15 सौ उद्योग हैं। जिनसे प्रदूषण का खतरा रहता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उद्योगों के मानकों पर पल-पल नजर बनाए रखते हैं। मानकों का उल्लघंन होने पर नोटिस देकर उद्योगों को चेताया जाता है। कई बार कार्रवाई तक की जाती है। जीजीआईसी में वायु प्रदूषण मापने वाला यंत्र लगाया गया है। जिसमें रोजाना एयर क्वालिटी मापी जाती है। होली के दिन पीएच-10 करीब 130 पहुंच गया था। बताया जाता है कि सामान्य दिनों में पीएच-10 सौ के आसपास रहता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही एयर क्वालिटी में भी बदलाव आएगा। दीपावली के दिन पीएच-10 करीब दो सौ पहुंच जाता है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों भी पीएच-10 करीब 125 पर पहुंच गया था। एयर क्वालिटी को सुधारने का काम किया जा रहा है। इसके लिए वायु प्रदूषण के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सड़क हादसे में भाजपा नेता के युवा बेटे की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में भाजपा नेता के बेटे की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव का पोस्टमार्टम बरेली स्थित निजी अस्पताल कराया।


रवि पाल।

जानकारी के अनुसार रंपुरा बस्ती निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता छेदा लाल पाल का छोटा पुत्र रवि पाल (29) दुकान का संचालन करता था। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार की रात लगभग 11 बजे वह स्कूटी से अपने दोस्त से मिलकर गंगापुर मार्ग से घर लौट रहा था तभी किसी को बचाने के चक्कर में स्कूटी पुलिया से जा टकराई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे रवि के दोस्त ने परिवार को सूचना दी और घायलावस्था में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत खराब होने पर डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। रवि की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बस्ती में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही कई भाजपा नेताओं ने घर पहुंचकर परिवार को ढांढ़स बंधाया।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप निवासी एक युवक ने पहले परिवार व दोस्तों के साथ होली खेली और शाम को फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। 26 वर्षीय शिशुपाल प्रजापति यहां मुखर्जी नगर में अपने परिवार के साथ रहता था। बीते रविवार की सुबह उसने परिवार के साथ होली खेली और उसके बाद दोस्तों के साथ होली खेलने चला गया। शाम करीब पांच बजे घर लौटा। नहाने के बाद उसने खाना खाया और कमरे में चला गया। शाम साढ़े सात बजे उसके भाई हरीश प्रजापति ने कमरे में जाकर देखा तो वह पंखे की कुंडी पर फंदा लगाकर लटका था। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर दरोगा दीपक भट्ट अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


शिशुपाल ।

# बेहोशी की हालत में मिला युवक, मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन गांव के ही कुछ लोगों पर युवक की हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि अभी घटना की लिखित तहरीर नहीं दी गई है।


विजय ।

ग्राम रतनपुरा निवासी विजय (29) पुत्र अशोक मंगलवार की सुबह घर से अपने दोस्तों के साथ गया था। दोपहर बाद गांव में ही वह बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सूचना पर परिजन आनन-फानन में उसे पहले नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सक ने बाहर ही उसकी प्राथमिक जांच कर भर्ती करने से मना कर दिया। इसके बाद परिजन उसे उप जिला चिकित्सालय ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इधर, परिजन गांव के ही कुछ युवकों पर विजय की हत्या की आशंका जता रहे हैं। उनका कहना है कि विजय के चेहरे आदि पर चोट के निशान हैं, जो कि उसके साथ कोई अनहोनी घटना की ओर इशारा कर रहे हैं। विजय वाहन चालक था। वह अपने पीछे पत्नी व दो बेटों को रोता-बिलखता छोड़ गया है।


बाजपुर सरकारी अस्पताल के बाहर जमा ग्रामीण। ● अमृत विचार

### लापता बुजुर्ग का शव

**बाजपुर :** पिछले 53 दिन से लापता बुजुर्ग का शव लेवड़ा नदी से बरामद हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से शव नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की सुबह मोहल्ला राजीवनगर से गुजर रही लेवड़ा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ी-गली अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। सूचना पर एसएसआई विनोद फर्त्याल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मद से शव नदी से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त ग्राम नरखेड़ा निवासी अजीत सिंह (95) पुत्र किशन सिंह के रूप में मृतक के पौत्र अक्षयदीप सिंह ने की। बताया कि बुजुर्ग तीन फरवरी को बिना बताए घर से लापता हो गये थे। मौत के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### आग से घर में सामान व नकदी जली

**काशीपुर:** महुआखेड़ा गंज के आदर्श नगर निवासी धर्मेंद्र सिंह (45) के मकान में अचानक आग लग गई। आग में दस हजार की नकदी समेत घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। घटना के समय वह कमरा बंद कर काशीपुर गए थे। घर में कोई नहीं था। आग लगने के बाद लोगों ने कमरे का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। कमरे में फ्रीज, डबल बेड, कपड़े, राशन, दस हजार की नकदी आदि जल गया है। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आ रही है। भाजपा नेता राजेश कुमार ने पीड़ित को ढांढस बंधाया। उन्होंने सीएम राहत कोष से पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# झोपड़ी में लगी आग, सामान राख


बाजपुर के ग्राम इटव्वा में आग में जली झोपड़ी व मौके पर जमा ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखे रसोई गैस सिलेंडर ने आग पकड़ और तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। गनीमत रही कि हादसे के समय घर में कोई नहीं था। अग्निकांड में झोपड़ी के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया।

बीते सोमवार को ग्राम इटव्वा निवासी देव सिंह होली पर्व मनाने के लिए परिवार के साथ बाहर गये थे। इसी बीच अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। झोपड़ी के अंदर रखे रसोई गैस सिलेंडर ने भी आग पकड़ ली और थोड़ी देर बाद सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। आग में अनाज, बर्तन, बिस्तर आदि घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया है। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सामान जल चुका था। बताया जाता है कि झोपड़ी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन में शार्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### पिता-पुत्र पर लगाया मारपीट का आरोप

**काशीपुर :** एक मशरूम व्यापारी ने पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मोहल्ला थाना साबिक निवासी देवकीनंदन यादव पुत्र बाबूराम ने बताया कि बीती 24 मार्च को वह अपने मोहल्ले में खड़ा था। इसी दौरान वहां पहुंचे कौशल यादव पुत्र पातीराम व विकास यादव पुत्र कौशल यादव ने उसके साथ बिना वजह गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि विराधे करने पर दोनों पिता-पुत्र ने उसे बेरहमी से पीटा दिया और कपड़े भी फाड़ दिये। साथ ही हमलावर पिता-पुत्र ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। बताया कि दोनों पूर्व में भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं।

प्रेस वार्ता | विधायक बोले-आज गांधी पार्क से शक्ति प्रदर्शन के साथ निकलेगा जुलूस

# ऐतिहासिक होगा भाजपा प्रत्याशी का नामांकन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक शिव अरोरा ने कहा कि लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का नामांकन ऐतिहासिक होगा। नामांकन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

मंगलवार को पत्रकार वार्ता में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि 27 मार्च को गांधी पार्क में भारी जनसैलाब के बीच शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन जुलूस जिला निर्वाचन कार्यालय तक निकाला जायेगा। सुबह दस बजे से कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, लोकसभा के जिलाध्यक्ष के अलावा सभी विधायक मौजूद रहेंगे। नामांकन को ऐतिहासिक बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गांधी पार्क में सभी अतिथि अपना संबोधन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला जारी है। इससे साफ हो गया है कि इस बार भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट एक लाख से अधिक मतों से विजयी होंगे। इस मौके पर लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, अमित नारंग, ललित मिगलानी, भारत भूषण चुघ, सुरेश कोली, धीरेश गुप्ता, मयंक कक्कड़, सुशील गाबा, प्रमोद मित्तल आदि मौजूद रहे।


पत्रकारों से वार्ता करते विधायक अरोरा व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस प्रत्याशी जोशी आज करेंगे नामांकन

**रुद्रपुर :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी बुधवार (आज) को दोपहर एक से दो बजे के बीच नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सुबह 11 बजे गल्ला मंडी से कलक्ट्रेट तक विशाल रोड शो निकाला जाएगा। नामांकन के बाद दोपहर 3 बजे काशीपुर बाइपास रोड स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक तिलक राज बेहड़, आदेश चौहान, गोपाल राणा समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

**बाग ठेका/कंबाईन से गेहूं कटाई/रीपर से भूसा बनवाई/लाग बिकी निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि गु० प्र० कमेटी श्री नानकमता साहिब के चौमेला फार्म के 03 बागों (आम, लीची अमरुद), प्रतापपुर फार्म के 01 आम के बाग को, जहां है, जैसे है के आधार पर ठेके पर दिये जाने हेतु निविदा दि० 02-04-2024 दिन मंगलवार अपराहन 01:00 बजे तक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख 02:00 खोली जायेगी। इसके अतिरिक्त कृषि फार्मों की 300 एकड़ गेहूं की कंबाईन द्वारा कटाई कराये जाने, रीपर द्वारा भूसा बनवाये जाने व गेहूं की कटाई के बाद भूसा बनवाये जाने से अतिरिक्त बचे अवशेष / पुआल (लाग) की बिक्री हेतु निविदा दि० 02-04-2024 दिन मंगलवार पूर्वान्ह 10:00 बजे तक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख पूर्वान्ह 10:30 बजे खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता अर्नेस्ट मनी जमा कर निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र, नियम व शर्ते गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब की बेबसाईट www.nanakmattasahib.com से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी की रसीद संलग्न होना आवश्यक है।

(स० अमरजीत सिंह)
जनरल सेक्रेटरी
गु०प्र०कमेटी श्री नानकमता साहिब
मो० नंबर-6396521367-9760231031

## सार-संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी भट्ट की रिकॉर्ड मतों से होगी जीत


लवी सहगल।

**किच्छा** : पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष लवी सहगल ने कहा कि लोगसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। जारी बयान में सहगल ने कहा कि पीएम मोदी की जन कल्याणकारी व देश हित में चलाई जा रही योजनाओं के चलते जनता ने भाजपा को अपना समर्थन देने का मन बना लिया है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपनी जिम्मेदारियों और दायित्व का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन कर अपनी एक अलग छाप जनता के बीच छोड़ी है। उनके नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह है। नामांकन के बाद प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता जी जान से उनके चुनाव प्रचार में जुटेगा।

### हवाई फायर करने वाला एक दबोचा, दो फरार

**खटीमा** : बिचपुरी गांव में हवाई फायर करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम बिचपुरी निवासी दान सिंह राना ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि होली के दिन दोपहर करीब दो बजे उसके घर के बाहर एक स्कूटी गिर गई। जिसमें बैठे लोग भी गिर गए। गांव वालों ने उनको उठाया और वह लोग चले गए। देर शाम चार बजे ग्राम पटिया निवासी भरत चन्द उर्फ भग्गी, सुभाष चन्द तथा बिचपुरी निवासी विनोद चन्द उसके घर आ धमके और तीन राउंड हवाई फायरिंग की। जिससे परिवार के लोग भयभीत हो गए और गांव में दहशत का माहौल हो गया। पुलिस ने दान सिंह राणा की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि मुख्य आरोपी भरत चंद उर्फ भग्गी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

### पत्रकार बमेठा की माता के निधन पर शोक

**खटीमा** : प्रेस क्लब हल्दूचौड़ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद बमेठा की माता कलावती देवी (73) का आकस्मिक निधन हो गया। जिस पर पत्रकारों ने शोकसभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में हीरा राजपूत, करन सतवाल, स्वतंत्र प्रकाश आजाद, असद जावेद, खड़क सिंह गैड़ा, ओम प्रकाश मौर्य, विनीत राणा, राजू मिताड़ी, अनीस अहमद, दीपक फुलेरा, सुरेंद्र गुप्ता, कीर्तिराज रूमाल, विजय गुप्ता, वैभव गुप्ता, वैभव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने पर्यावरण व जंगली जानवरों के बारे में जाना

**जसपुर** : नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा की छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत कार्बेट पार्क, आयुर्वेदिक व यूनानी दवा कारखाने व मां गर्जिया देवी मंदिर का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने पर्यावरण व जंगली जानवरों से संबंधित जानकारियां ली। कक्षा 9 व 11 की छात्राओं के दल को प्रधानाचार्य अतुल कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास है। उप प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने शैक्षिक भ्रमण की महत्ता के बारे में बताया। दल ने कार्बेट पार्क के म्यूजियम में वाइल्ड लाइफ के विभिन्न चित्र, 3 डी फिल्मों के माध्यम से जंगली जानवरों के रहन-सहन व उनकी आवाजों आदि क्रियाकलापों को जाना। डिप्टी रेंजर जीएस नेगी ने छात्राओं को पर्यावरण व जंगली जानवरों से संबंधित जानकारियां दी। दल में राम सजीवन, जयवीर सिंह, आत्माराम वर्मा, डॉ. रश्मि भट्ट, कालिका प्रसाद सुमन, राजेश कुमार चौधरी, दिनेश कुमार चौहान, हरीश शर्मा व मोनिका आदि मौजूद रहे।

### अधेड़ का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**खटीमा** : पुलिस ने पहेनियां गांव के एक मैदान से अधेड़ का शव बरामद किया है। पुलिस के पहुंचते ही गांव के काफी लोग जमा हो गए, लेकिन किसी ने शव की शिनाख्त नहीं की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया है। सोमवार को ग्रामीणों ने पहेनियां के सामने खाली पड़े मैदान में एक शव देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष है जो विक्षिप्त प्रतीत होता है। प्रथम दृष्टता मृत्यु का कारण बीमारी प्रतीत होता है। सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता लग सकेगा।

### तमंचे, चाकू व शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**काशीपुरर** : पुलिस ने अवैध तमंचे, चाकू व कच्ची शराब के साथ अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आवास विकास कालोनी गेट के पास से कटरामालियान निवासी राजा पुत्र बाबू राम को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। वहीं पैगा चौकी पुलिस ने महुआखेड़ागंज निवासी शेखर पुत्र जितेंद्र के कब्जे से एक अद्द चाकू बरामद किया है। पुलिस ने दोनों का आर्म्स एक्ट में चालान किया है। उधर, पुलिस ने 12 लीटर कच्ची शराब के साथ मोहल्ला ओझान निवासी देवकी नंदन पुत्र चांदी राम को गिरफ्तार कर उसका आबकारी एक्ट में चालान किया है।

### टीका लगाने पर युवक को रॉड से पीटा

**काशीपुर** : होली त्योहार पर रंग का टीका लगाना पिता-पुत्र को नागवार गुजरा तो उन्होंने लोहे की रॉड से एक युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। ग्राम जगतपुर सेमलपुरी निवासी सुनील कुमार पुत्र गोपाल सिंह ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई रवि सिंह ने पड़ोस में रहने वाले हंसप्रीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह को होली के पर्व पर रंग का टीका लगा दिया। जिसे लेकर हंसप्रीत सिंह ने रवि के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर हंसप्रीत, उसके पिता तरसेम सिंह व उसके रिश्तेदार ग्राम कल्लूवाला थाना रेहड़ बिजनौर निवासी बलविन्दर सिंह पुत्र भगवान सिंह ने लोहे की रॉड से रवि के सिर व अन्य शरीर पर वार किया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नियत से रवि को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप से घायल रवि को सरकारी अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत देख उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# आयोग के प्रेक्षकों ने अधिकारियों संग चुनाव को लेकर किया मंथन

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभाओं, मतदान केंद्रों व तैयारियों की दी जानकारी

बैठक

**50** प्रतिशत मतदेय स्थलों में की जाएंगी वेव कास्टिंग

**21** जोनल, 119 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान कार्मिकों को दिया जा चुका है प्रथम ईवीएम प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग से नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक का जिला मुख्यालय कार्यालय पहुंचने पर बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस एवं जिला प्रशासन के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की और चुनाव को लेकर मंथन किया।

मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार और पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी चंद्रशेखर घोडके ने बुके देकर उनका स्वागत किया। समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि लोकसभा संसदीय इलाके में 14 विधानसभाएं आती है। जिनमें 805 मतदान केंद्र के अलावा 1465 मतदेय स्थल हैं। निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए जिले के प्रत्येक विधानसभा में 9 उड़न दस्ते और 9 स्थैतिक निगरानी दल लगाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा में तीन-तीन वीडियो निगरानी टीम, एक-एक सहायक व्यय प्रेक्षक व लेखा टीम गठित है। 250 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। जिले में 18 सखी बूथ व 18 आदर्श बूथ बनाए गए हैं।

बताया कि जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम, सी-विजिल, एमसीएमसी संचालित हैं तथा 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों में वेव कास्टिंग की जाएंगी। 21 जोनल व 119 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान कार्मिकों को प्रथम ईवीएम प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रूट चार्ट के साथ ही निर्वाचन के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था कर दी गई है। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल पुलिस नोडल प्रेक्षक बीएस चलाल आदि मौजूद रहे।


अधीनस्थों के साथ बैठक कर चुनाव की जानकारी लेते आयोग के प्रेक्षक। ● अमृत विचार

# मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार** : मारपीट की तीन घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। पीड़ितों ने अलग-अलग तहरीरें देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नरखेड़ा निवासी वंश पुत्र बाबूराम ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च को दोपहर 12 बजे वह होली मिलने के लिए अपने मित्र रोहित के घर गड्ढा कॉलोनी नरखेड़ा गया था। आरोप है कि रोहित के घर के पास में रहने वाले एक युवक ने भी उसे अपने घर बुला लिया और वहां पहले से मौजूद तीन-चार अन्य महिला-पुरुषों ने बिना किसी बात के घेर लिया और गाली-गलौज करते मारपीट शुरू कर दी, जिसमें वह लहूलुहान हो गया। शोर मचाने पर पहुंचे रोहित ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की है। बमुश्किल वहां से भागकर अपनी जान बचाई है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। दूसरी घटना मोहल्ला बांकेनगर में हुई है। संदीप यादव पुत्र कल्लू सिंह ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि एक पड़ोसी कच्ची शराब बेचने का काम कर रहा है, जबकि वह इसका विरोध करता है। आरोप है कि 25 मार्च को सुबह करीब साढ़े 11 बजे आरोपी उसके घर में घुस गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। तीसरी घटना चीनी मिल कालोनी में हुई है। यहां दंपती में विवाद हो रहा था। उधर से गुजर रहे एक युवक ने टोकाटाकी करते हुए झगड़ा नहीं करने की बात कही। आरोप है कि इससे गुस्साए दंपती युवक से ही भिड़ गए। बाद में युवक के पक्ष के लोग भी वहां पहुंच गए और जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक ही परिवार के तीन महिला-पुरुष व बच्चे के चोटें आई हैं। जिन्हें पुलिस के माध्यम से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


घायल वंश।

# कुमाउनी व फिल्मी होली गीतों पर जमकर झूमे होल्यार


शांतिपुरी नंबर दो आनंदपुर में होली गीतों में डांस करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


खटीमा में आयोजित होली मिलन समारोह में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** क्षेत्र में होली का पर्व सादगी से मनाया गया। परंपरागत कुमाउनी एवं फिल्मी होली गीतों पर होल्यारों ने जमकर नृत्य किया। साथ ही घरों में पकवानों का भी जमकर लुप्त उठाया। मंगलवार को शांतिपुरी नंबर दो आनंदपुर में हाल्यारों ने राजेन्द्र सिंह नेगी के आवास से खड़ी होली की शुरुआत की। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष होल्यारों ने आज आज बिरज में होली रे रसिया..., रंग बरसे भीगे चुनर वाली..., होलिया में उड़े रे गुलाल..., शिव के मन में बसे काशी... आदि गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा जवाहरनगर, शांतिपुरी, बिन्दुखत्ता, सूर्यनगर, शांतिनगर आदि स्थानों पर भी होल्यारों ने होली का आनंद लिया। इस मौके पर पूनम जोशी, सरस्वती दफोटी, गंगा दफोटी, दीपा कोरंगा, लीला दानू, सरस्वती देवी, चम्पा कोरंगा, बबीता दानू, कमला टाकुली, उमा दफोटी, संगीता जोशी, लीला जोशी, सीमा जोशी, गीता जोशी, ममता दानू, गोबिन्दी देवी, गुड्डी दफोटी आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन में एक-दूसरे को गले लगाकर दी बधाई

**खटीमा** : सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद के होली मिलन कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाइयां दी। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. आरसी रस्तोगी ने कहा कि होली मिलन से भाईचारा, प्रेम, आपसी सौहार्द की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर अग्रवाल ने किया। इस दौरान विधायक भुवन कापड़ी, कमेटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रमेश चंद जोशी, सिंटू गुंबर, मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, भानु प्रकाश शास्त्री, नरेश गुप्ता, रविंदर श्रीवास्तव मौजूद रहे। इधर, किसान मोर्चा नौसर मंडल जस्सी सेखो ने होली मिलन कार्यक्रम किया। जिसमें किसान आयोग उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह ने लोगों को बधाई देते हुए आपसी भाई चारा बनाए रखने को कहा। इस अवसर पर परविंदर सिंह, दीपक मौर्य, परवीन कुशवाह, विजय यादव, रंजीत सिंह आदि थे।


दिनेशपुर के बसंतीपुर में दोल पूजा के साथ होली गीत गाते बंगाली समाज के लोग।

### दोल पूजा के साथ होली गायन किया

**दिनेशपुर** : बंगाली समाज के लोगों ने रविवार को फाल्गुन पूर्णिमा (दोल पूर्णिमा) पर उपवास रखकर सांय श्रीराधा कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ अबीर-गुलाल चढ़ाकर होली गायन शुरू किया। सोमवार की सुबह ग्राम बसंतीपुर में लोगों ने दोल में राधा-कृष्ण की प्रतिमा को विराजमान किया। दोल पूजा के साथ 'हरे कृष्णा-हरे कृष्णा...' होली गीत गाकर घर-घर जाकर लोगों को आशीष बच्चन दिए। नगर के अलावा दुर्गापुर, नेतानगर, जगदीशपुर, चंडीपुर, कालीनगर, आनंदखेड़ा, बंगालीमोड में दोल पूजा कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर आशा अधिकारी, वंदना मंडल, सुचित्रा सरकार, काजल मंडल, दीपाली ढाली, दीया मंडल, कनिका मंडल, रोशनी मिस्त्री, पूजा मंडल आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार** : अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

सोमवार को अमरोहा उप्र निवासी लव कुमार (25) ग्राम इटावा बाजपुर स्थित खनन स्टाक पर कार्य करके हाथीकुंडा रोड से सुल्तान पट्टी की ओर जा रहा था। इसी बीच हाथीकुंडा मोड़ के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे शीशम के पेड़ से टकरा गई और वह बाइक से उछलकर काफी दूर जा गिरा। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को हाथीकुंडा निवासी कृपाल सिंह ने अपने वाहन से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। दूसरी घटना दोराहा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर हुई। सोमवार की देर शाम बरहैनी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र बृजनंदन बाइक पर दोराहा की ओर जा रहा था। इसी बीच नेशनल हाइवे-74 पर बाइक सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना स्थल पर मौजूदा लोगों के अनुसार बाइक चालक नशे में धुत था। तीसरी घटना बाजपुर-पिपलिया मुख्यमार्ग पर गांव बाजपुर के नजदीक रविवार की देर सायं हुई। शुगर फैक्ट्री बाजपुर निवासी अभिषेक पांडे पुत्र अनिल पांडे बाइक पर अपने भाई नीरज पांडे व ग्राम सौवा महुली बिहार निवासी छोटू यादव पुत्र टीमल यादव के साथ छोई रोड ग्राम पंचायत रतनपुरा के अंतर्गत स्थित एक स्टोन क्रशर से बाजपुर की ओर आ रहे थे। इसी बीच गांव बाजपुर में मोड़ पर बनी एक पुलिया के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी और मेढ़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जिसमें से तीन युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है।


बाजपुर सरकारी अस्पताल में घायल से जानकारी हासिल करती पुलिस।

**हादसे में तीन घायल**

**खटीमा** : अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भूड़ निवासी रोहित, झनकट निवासी जीवन खोलिया और लोहियाहेड रोड निवासी राम सिंह घायल हो गए। तीनों घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी।

### कार की टक्कर से दंपति घायल

**बाजपुर, अमृत विचार** : तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने उप जिला अस्पताल में भर्ती गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्राम टांडा डालचंद निवासी राहुल पुत्र हरिराम अपनी पत्नी रेखा के साथ बाइक पर ससुराल ग्राम खंबारी जा रहा था। मंगलवार की सायं बेरिया दौलत रोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हादसों में कई युवक घायल

**काशीपुर** : सोमवार को होली पर अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में कई युवक घायल हो गए। प्रतापपुर निवासी मयंक, दुर्गा कॉलोनी निवासी अभिषेक, हेमपुर इस्माइल निवासी चंदन, गंगेबाबा रोड निवासी रवि, बंगाली कॉलोनी निवासी खूब सिंह, पंकज, स्टेडियम के पास निवासी नरेंद्र, एसडीएम कोर्ट निवासी राहुल, महुआखेड़ा गंज निवासी परमजीत, आलू फार्म निवासी संजय, जुड़का नंबर दो निवासी सोनू, मोहल्ला खालसा निवासी प्रिंस, पंजाबी कॉलोनी निवासी फरदीन, गुलजारपुर निवासी रवि और रमन, शिव नगर निवासी निखिल त्यागी अलग-अलग घटनाओं में घायल हो गए। सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद घायलों को छुट्टीदे दीगई।

## प्रेमिका की नाबालिग पुत्री से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**किच्छा** : पति का साथ छोड़कर युवक के साथ रह रही एक महिला के प्रेमी ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुराचार कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार महिला का विवाह यूपी के बरेली जिला शेरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हुआ था। नशे के आदी पति को कुछ माह पहले छोड़कर महिला अपनी आठ वर्षीय पुत्री के साथ किच्छा कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में आ गई। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व वह काम पर गई हुई थी। घर पर उसकी पुत्री अकेली थी। आरोप है कि घर पहुंचे प्रेमी ने उसकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बालिका के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसे जब घटना की जानकारी दी तो वह काम छोड़कर घर आ गई। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी प्रेमी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार शेरगढ़ फरार हो रहे आरोपी को दरऊ चौकी क्षेत्र में दबोच लिया।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


गूलरभोज के नई बस्ती चक्कीमोड़ में खड़ी होली गायन करती महिलाएं। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में समर्थकों के साथ होली खेलते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार


काशीपुर कोतवाली में होली खेलते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# रंगों की बौछार...गिले-शिकवे भूलकर गले मिले लोग

## होली पर जमकर उड़ा अबीर-गुलाल, रंगों में सराबोर हुए शहर और गांव, महिलाओं, पुरुषों के साथ बच्चों ने लिया आनंद


रुद्रपुर में होली के गीतों पर झूमते लोग। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में होली खेलते बच्चे। ● अमृत विचार


बाजपुर के ग्राम चकरपुर में होली की मस्ती में महिला-पुरुष व बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर व आसपास के इलाकों में होली उत्साह एवं धूमधाम के साथ खेली गई। लोगों ने आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। महिलाएं और पुरुष होली गीतों पर थिरकते नजर आये। वहीं बच्चों ने पिचकारी से रंगों की बौछार कर जमकर लुत्फ उठाया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

सोमवार की सुबह पहली किरण के साथ ही चारों तरफ होली का उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे होली की खुमारी भी चढ़ती गई। बच्चों ने पिचकारी से एक-दूसरे पर जमकर रंगों की बौछार की। शहर के अलावा वार्डों में लोगों ने होली गीतों पर जमकर नृत्य किया। वहीं महिलाओं में सेल्फी लेने का क्रेज देखने को मिला। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली को लेकर जहां मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं पुलिस की गाडियां हुटर बजाते हुए वार्डों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिखाई दी।

### रंग में भंग...कई जगह मारपीट की घटनाएं

**बाजपुर :** होली पर्व पर लोगों ने रंग लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस बीच कई स्थानों पर लोगों में आपस में झड़प भी हुई। बाजपुर में सोमवार को खोली खेली गई। ग्राम नरखेड़ा में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों परिवारों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर हाथापाई हुई। लोगों ने किसी तरह उनमें बीच-बचाव कराकर मामला शांत कराया। वहीं मोहल्ला आलापुर, मझरा-प्रभु, पहाड़ी कालोनी, राजीवनगर, लखनपुर, चकरपुर में भी रंग खेलने के दौरान मारपीट व हाथापाई हुई। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी कई छुटपुट घटनाएं हुईं। मंगलवार को पुलिस कर्मियों ने भी कोतवाली व पुलिस चौकियों में जमकर होली खेली।

### पुलिस कर्मियों ने जमकर खेली होली

**काशीपुर :** मंगलवार को पुलिस कर्मियों ने थानों व चौकियों में होली खेली। पुलिस कर्मी होली के गीतों पर थिरकते नजर आये। साथ ही एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। काशीपुर कोतवाली, थाना कुंडा, थाना आईटीआई, बांसफोड़ान चौकी, कटोराताल चौकी, प्रतापपुर चौकी, कुंडेश्वरी चौकी, पैगा चौकी आदि में होली कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों ने जमकर मौज मस्ती की।


गदरपुर के ज्ञान विहार में होली खेलती महिलाएं। ● अमृत विचार

### होली के रंग में रंगीं महिलाएं

**गदरपुर :** क्षेत्र में होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार की सुबह से ही होली खेलने के लिए लोग घरों से बाहर निकल पड़े। ज्ञान विहार कॉलोनी में महिलाओं ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे पर रंगों की बरसात की। इधर, मंगलवार को थाने में पुलिस कर्मियों ने भी जमकर होली खेली। थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने अबीर गुलाल लगाकर पुलिस कर्मियों को होली की बधाई दी। इस मौके पर जय किशन अरोरा, मनोज आहूजा, सोमनाथ छाबड़ा, प्रमोद बजाज, राजकुमार भुड्डी, विकास बजाज, सुनीता बत्रा, सतीश गजानेजा, संजीव अनेजा, कृष्ण लाल सुधा, धर्मपाल फुटेला, शुभम बत्रा आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में उत्साह के साथ होली खेलते युवा। ● अमृत विचार

# होली पर भजन संध्या में बरेली के गायकों ने लूटी वाहवाही

संवाददाता, काशीपुर

**कार्यक्रम**
- भारत विकास परिषद ने किया होली मिलन समारोह
- बच्चों ने झूलों और बड़ों ने स्टॉलों का लिया आनंद

**अमृत विचार :** शहर व ग्रामीण इलाकों में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग व गले मिलकर होली खेली। भारत विकास परिषद की ओर से रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें बरेली से आए गायकों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम में काशीपुर की निशा अरोरा ने भी सुंदर भजन गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस व झूले आदि लगाए गए थे। खानपान के स्टालों पर भी भीड़ नजर आई। मेले में अग्रवाल सभा, कुमाऊं वैश्य महासभा, संस्कार भारती, खत्री सभा, पंजाबी सभा, आर्य समाज काशीपुर, महानगर कांग्रेस कमेटी काशीपुर, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा,भगवान महावीर आदर्श सेवा सदन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रजापति समाज, पाल महासभा आदि संगठनों की तरफ से स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की महानगर काशीपुर इकाई के महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि होली का त्यौहार विभिन्न रंगों से समस्त समुदाय को एकता के बंधन में बांधने का प्रतीक है। इस मौके पर समाजसेवी उमेश जोशी, पंकज पंत, प्रदीप जोशी, आरसी त्रिपाठी, संदीप चतुर्वेदी, भाष्कर त्यागी, मोहन चंद्र पपने, गिरीश अधिकारी, विमल गुड़िया, देवांग मिश्रा एडवोकेट,राम शर्मा एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट आदि मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं ने विधायक बेहड़ के साथ खेली होली


संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** होली का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर तमाम जगहों पर होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर कांग्रेसियों ने विधायक बेहड़ के साथ होली खेली और एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। बेहड़ ने कहा कि होली पर्व आपसी मनमुटाव को भुलाकर भाईचारे के साथ जीवन जीने का संदेश देता है। यहां पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगराध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, कांग्रेस जिला महासचिव गुलशन सिंधी, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र सिंह संधू, धर्मेंद्र सिंधी, गौरव बेहड़, मेजर सिंह, परमजीत सिंह पम्मी, जीवन जोशी, राजीव जग्गी, ठाकुर सुनील सिंह, ओम प्रकाश दुआ, वीरू बाठला आदि मौजूद रहे।

इधर, मीडिया कर्मियों ने भी मंडी समिति अतिथि गृह में जमकर होली खेली। इस मौके पर होली के गीतों पर मीडिया कर्मी जमकर नाचते नजर आए। यहां सुरेंद्र खुराना, संदीप जुनेजा, राजू सहगल, मयंक त्यागी, बबली जोशी, शिवम शर्मा, यशवंत सिंह, कैलाश पंडित, लक्की मुंजाल, सुनील कुमार, नरेश जोशी आदि मौजूद रहे। उधर, मंगलवार को पुलभट्टा थाने और किच्छा कोतवाली में भी होली खेली गई। किच्छा कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी तथा पुलभट्टा थाने में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और पर्व की बधाई दी।


किच्छा में कार्यकर्ता को रंग लगाते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार




**उत्साह** — होली के रंगों में सराबोर हुआ दिनेशपुर, एक-दूसरे को रंग लगाकर दिया भाईचारे का संदेश

# लोग कहत बांके नैन कजरारे ...पर जमकर थिरके होल्यार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** नगर में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। होल्यारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

चक्कीमोड़ दुर्गा मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित होली उत्सव में होल्यार प्रयाग दत्त कांडपाल ने गोरी के नैनन में श्याम बसंत है, लोग कहत बांके नैन कजरारे..., आनंद सिंह गड़िया ने कन्हैया न दो मोह गारी, सुनत गांव के लोग..., महेशानंद जोशी ने अबके तू खेल ले फाग, ऐसो समाज में फिर मिले न मिलेंगे...आदि गीतों से समा बांधा। कार्यक्रम में प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, जय सिंह धपोला, विजेंद्र पवार, उमेद सिंह दफोटी, कैलाश तिवारी, शंकर कुनियाल, घनानंद तिवारी, गोविंद बल्लभ जोशी, नरेश कुनियाल, टीकम रजवार, गोविंद देवराड़ी, गोपाल ठठोला, महेशानंद कुनियाल, चंद्रमणि देवराड़ी, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह मेहरा, गोविंद सिंह चौहान, लक्ष्मण कुनियाल, पूरन चंद्र भट्ट, ओमप्रकाश रावत ने भी होली गीत गाकर रंग जमाया। उधर, नई बस्ती चक्कीमोड़ में पर्वतीय समाज की महिला होल्यारों ने भी जमकर होली का आनंद लिया। यहां चंद्रा जोशी, हंसी नयाल, खिला पवार, उमा जोशी, इंद्रा बिष्ट, जानकी दफोटी, कौशल्या पंवार, कमला जोशी, सुमन कुनियाल, डौली देवराड़ी, विमला पवार, रेनू ठठोला, ज्योति पवार, जानकी देऊपा, बबीता नैनवाल, गीता ठठोला आदि थीं।


दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में होली गायन करते होल्यार। ● अमृत विचार


होली के मौके पर अल्मोड़ा के जौहरी बाजार में स्वांग प्रस्तुत करती महिला। ● अमृत विचार


रानीखेत में मंगलवार को होली खेलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

देश के


अल्मोड़ा में स्थानीय लोगों के साथ होली मनाते पूर्व सांसद अजय टम्टा।

# आजैकि होली न्है ग्ये छ, फागुन में उलौ कै गे छ

## अल्मोड़ा में हर्षोल्लास के खेला गया रंग, जमकर उड़ा अबीर- गुलाल, लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को लगाया टीका, होली की बधाई दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में सौहार्द और भाईचारे का पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिले भर में रंगों की बौछार के बीच लोगों ने एक दूसरे को टीका लगाया और गले मिलकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

मंगलवार को होली पर्व के मौके पर मौसम खुशगवार रहा। सवेरे से धूप खिलने के कारण मौसम ने भी होल्यारों का पूरा साथ दिया। जिसके चलते नगर में छलड़ी की धूम रही। होल्यारों की टीम सुबह होते ही घरों से होली खेलने निकल गई। होल्यारों ने नगर के गली मोहल्लों में जमकर होली गायन किया। कई जगहों पर परंपरानुसार महिलाओं की टोलियों ने झोड़ा गायन किया। महिलाओं ने स्वांग रचकर नशाखोरी, दहेज और भ्रूण हत्या पर कटाक्ष किया। साथ ही महिलाओं ने मेरो रंगीलों देवर घर ए रै छो.., रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे.. समेत कई होली गीतों का गायन किया। बच्चों में भी इस पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। नगर के धारानौला, तल्ला मल्ला जोशीखोला, कमेड़ी, चीनाखान, ढूंगाधारा, कर्नाटक खोला, नरसिंहबाड़ी, खत्याड़ी, एनटीडी, पांडेखोला, रानीधारा, जाखनदेवी, सरकार की आली, खोल्टा, गंगोला मोहल्ला, थाना बाजार, विवेकानंद पुरी, बद्रेश्वर समेत अनेक मोहल्लों में होल्यारों की टीम ने दिन भर जमकर धमाल मचाया।

पर्व के दौरान होल्यारों ने होली खेली खालि मथुरा को चले, आज कन्हैया रंग भरे, आजैकि होली न्है ग्ये छ, फागुन उलौं कै गे छ, जी रया, जाग रया कै गे छ, फागुन उलौं कै गे छौ, तुम हो ब्रज की सुंदर गोरी मैं मथुरा को मतवारो समेत अनेक होली गीतों का गायन किया। पर्व के मौके पर रंग लगाने और एक दूसरे को टीका लगाकर होली गायन का यह सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। पर्व के दौरान जगह जगह पर होल्यारों को आलू के गुटके और चटनी परोसी गई। घरों में तरह तरह के पकवानों से होल्यारों की टीमों का स्वागत किया गया। दोपहर बाद होल्यारों की टीम ने होली के आशीर्वचनों के साथ देर शाम तक रंगों से सरोबार इस पर्व का टीके की रस्म अदायगी कर समापन किया।


होली पर्व पर जागेश्वर में होली गायन करते होल्यार। ● अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही छलड़ी की धूम

अल्मोड़ा, अमृत विचार : हर्ष और उल्लास के पर्व होली पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी होल्यारों की टीम ने सुबह से ही धमाल मचाना शुरू कर दिया था। होल्यारों की टीमों ने इस दौरान ग्रामीण इलाकों के कई गांवों और कस्बों में पारंपारिक झोड़ा और चांचरी गायन कर होली के माहौल को और उल्लासमय मना दिया। लोगों ने एक दूसरे को जमकर रंग लगाया। महिलाओं में भी होली को लेकर जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। बच्चे रंग बिरंगी पिचकारियां लेकर दिन भर एक दूसरे को रंगों से भिगोते रहे। जिले के लमगड़ा, भैंसियाछाना, धौलादेवी, दन्या, पनुवानौला, जैंती, भनोली, सोमेश्वर, द्वाराहाट, चौखुटिया, मासी, भिकियासैंण, सल्ट, स्याल्दे में भी रंगों का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

### उत्साह और सौहार्द से मनाया होली का पर्व

**रानीखेत, अमृत विचार :** क्षेत्र में मंगलवार को होली बड़े हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाई गई। लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाइयां दी। वहीं महिलाओं ने भी जमकर होली का त्योहार मनाया। क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। सुरक्षा के तहत सभी चौराहों पर पुलिस बल तैनात था। गौरतलब है कि मैदानी क्षेत्रों में 25 मार्च को छलड़ी मनाई गई। लेकिन पर्वतीय क्षेत्र में होली मंगलवार 26 मार्च को मनाई गई। प्रातः काल से ही लोग अपने घरों से निकलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दे रहे थे। जगह-जगह टोलियों में होली गायन का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने भी बड़े उत्साह के साथ होली मनाई।

### होली पर हुड़दंग मचा रहे तीन लोग गिरफ्तार

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** होली पर्व के मौके पर धौलछीना के एक गांव में पुलिस नशे में हुड़दंग और उत्पात मचा रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों नशेड़ियों का पुलिस एक्ट में चालान भी किया है। होली पर्व के दौरान धौलछीना पुलिस को शिकायत मिली कि बखरियाटाना गांव में होली पर्व के दौरान तीन लोग शराब ने नशे में शोर शराबा और गाली गलौच कर उत्पात मचा रहे हैं और मारपीट भी कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों का समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन समझाने के बाद भी हुड़दंगी नहीं मानें तो तीनों अभियुक्तों अर्जुन लाल, जीवन लाल और सुनील कुमार को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### यो दिन यो मास भैंटना रया, हो-हो हो लखि रे

**बागेश्वर, अमृत विचार :** अगले वर्ष होली पर फिर से मिलने की कामना के साथ होली पर्व संपन्न हो गया है। जनपद में मंगलवार को छलड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को जिले में होली का अंतिम दिन छलड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। आज लोग सुबह से ही होली की टोलियां बनाकर लोगों के घर गए व होलियां गाई। होली गीतों में होल्यार जमकर थिरके। होल्यारों ने अगले वर्ष मिलने की कामना के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल व रंग लगाकर होली की बधाईयां दी।बुजुर्गों ने यो दिन यो मास भैंटने रया, हो हो लखि रे कहकर एक-दूसरे को बधाई दी। स्नान करने के बाद टीका त्योहार मनाया व गांवों में हलुवा बनाकर एक दूसरे को प्रसाद वितरित किया तथा सायंकाल भजन कीर्तनों का आयोजन किया गया।


अल्मोड़ा में एक-दूसरे को रंग लगाकर होली मनाते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार


अल्मोड़ा में होली पर्व के मौके पर मतदान की शपथ लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### होली सेलिब्रेशन के साथ मतदान की शपथ

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** होली पर्व के मौके पर जिले के अनेक समूहों की महिलाओं का प्रशासन द्वारा होली सेलिब्रेशन के साथ ही मतदान की शपथ भी दिलाई गई। मंगलवार को होली पर्व के दौरान नगरपालिका चिलियानौला के आराधना स्वयं सहायता समेह, अल्मोड़ा के दुगालखोला और बद्रेश्वर वार्ड के शारदा, नारी शक्ति और उमंग स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को होली पर्व के बाद मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसएचजी की महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान की अपील की तथा मतदान के महत्व को भी बताया। महिलाओं में निष्पक्ष एवं जरूरी मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर लोगों को आने वाली 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि जब हम अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे, तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि आने वाली 19 अप्रैल को अपने बूथ पर जाकर मतदान करें।

# तीन दुकानों के ताले तोड़ लाखों की नगदी व सामान उड़ाया

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** होली में चोरों ने भी पूरी मस्ती की। उन्होंने तीन दुकानों का ताला तोड़कर दस लाख की नगदी चुराई साथ ही लैपटाप, एलेक्सा व ब्रोफो भी चुरा ले गए। चोरी के बाद चोरों ने एक कमरे में अंडा मैगी बनाई तथा सामान बिखराकर भाग गए। एक चोर सीसी कैमरे में दिखाई दे रहा है।

पिंडारी रोड में कुंवर सिंह कोरंगा पुत्र त्रिलोक सिंह कोरंगा, हरीश कोरंगा पुत्र लक्ष्मण सिंह कोरंगा व राजेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र खुशाल सिंह कोरंगा की पिंडारी रोड में टैक्सी स्टेंड के समीप दुकान है तथा दुकान के एक हिस्से में ही आवास है। इन दिनों होली मनाने वह अपने गांव शामा गए थे।

मौका पाकर अज्ञात चोरों ने गत रात्रि उनकी दुकान व आवास में हाथ साफ कर दिया। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर आवास में भी सेंध लगाई व घर खंगाला। तीनों के घर से चोर लगभग दस लाख की नगदी चुरा ले गए साथ ही घर में रखे दो लैपटाप, एलेक्सा व ब्रोफो भी साथ ले गए। चोरी के दौरान चोरों ने घर में रखी मैगी व अंडे भी खाए तथा दुकान की सब्जी को बिखरा गए। मंगलवार की सुबह जब आसपास के लोगों ने दुकान व आवास का ताला टूटा व सब्जी बिखरी देखी तो उन्होंने इसकी सूचना दुकान मालिकों को दी। जिस पर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया पीड़ित परिवारों ने पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है तथा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना पूरी तरह से सीसी कैमरे में रिकार्ड हो गई है जिसमें एक चोर चोरी करते दिख रहा है। पुलिस सीसी कैमरे की मदद से चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।


दुकान से लगे आवास में चोरों द्वारा तोड़े गए अंडे।


चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।


टनकपुर के गांव आमबाग में होली पर्व मनाते लोग। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई होली

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिले में होली पर्व धूमधाम और परंपरागत ढंग से मनाया गया। चम्पावत, लोहाघाट, बाराकोट के अलावा जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में जगह-जगह होली पर्व सोमवार और मंगलवार को मनाया गया। वहीं दूसरी और पड़ोसी देश नेपाल में भी इस पर्व की खासी धूमधाम मची रही।

# मां पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ, उमड़े श्रद्धालु


पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ करते मंडलायुक्त दीपक रावत। साथ में डीएम और एसपी।

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले का मंगलवार का सरकारी तौर पर शुभारंभ हो गया है। मंगलवार शाम कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मेले के प्रवेशद्वार ठुलीगाड़ में पूजा-अर्चना और नारियल तोड़कर 15 जून (82 दिनी) तक चलने वाले मेले का श्रीगणेश किया।

मंत्रोचार पंडित भुवन चंद्र पांडेय ने किया। बाद में आयुक्त दीपक रावत ने पत्नी संग देवी मां के दर्शन किए। उनके साथ जिलाधिकारी नवनीत पांडे और पुलिस अधीक्षक अजय गणपति भी मौजूद रहे। साथ ही व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के जिला पंचायत को निर्देश दिए। मेला शुरू होने के साथ ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। वही मां पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओ के लिए पानी, बिजली,सुरक्षा, सफाई, चिकित्सा, ध्वनि इंटरकॉम आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मंगलवार शाम को ठुलीगाड़ में पंडित भुवन चंद्र पांडेय के संचालन में हुए उद्घाटन कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सहयोग देने का प्रशासन से अनुरोध किया। आयुक्त को देवी मां की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। कार्यक्रम में पूर्णागिरि मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नीरज पांडेय, सचिव सुरेश तिवारी और कोषाध्यक्ष नवीन तिवारी, डीएम नवनीत पांडे, एसपी अजय गणपति, मेला मजिस्ट्रेट आकाश जोशी, मेला अधिकारी भगवत पाटनी ने कहा कि श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुलिस ने कार से बरामद की शराब

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** कोतवाल जगदीश देऊपा के नेतृत्व में पुलिस की टीम एनटीडी तिराहे पर चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान कार को रोका गया तो चालक कार छोड़कर वहां से भाग गया। पुलिए टीम ने कार की चेकिंग की तो उसमें से बीस पेटी अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने फरार अभियुक्त की पहचान अबीर उर्फ जिशान अनवर के रूप में की है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने तस्करी के प्रयुक्त कार को सीज करते हुए अभियुक्त के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 76,500 रुपये आंकी गई है।

# रामगंगा नदी को पिंडर से जोड़ने की उठने लगी मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** रामगंगा नदी के गिरते जल स्तर को देखते हुए अब इसे पिंडर नदी से जोड़ने की मांग मुखर होने लगी है। गेवाड़ विकास समिति ने प्रदेश सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लेने की मांग की है।

गेवाड़ विकास समिति के सदस्यों का कहना है कि मौसम की बेरूखी के कारण रामगंगा नदी का जल स्तर गिरता जा रहा है। समिति के सदस्यों ने कहा है कि बीते वर्ष रामगंगा नदी का जलस्तर मार्च महीने में 926.470 मीटर के करीब था जो इस वर्ष महज 921.650 तक सिमट कर रह गया है। समिति ने कहा है कि अगर नदी का जलस्तर इसी तरह गिरता रहा तो गर्मियों में पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मच जाएगी। समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने कहा है कि समिति ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से रामगंगा नदी को पिंडर नदी से जोड़ने की मांग की थी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। समिति ने सीएम धामी को इस संबंध में फिर पत्र भेज मामले में ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

# 50 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

आस्था

- पहले दिन मेले में रहीं कई अव्यवस्थाएं
- सोमवार देर सायं से ही मंदिर में उमड़ने लगे थे लोग

**अमृत विचार:** पहाड़ में भले ही इस बार दो दिन होली मनी, लेकिन इसका पूर्णागिरि मेले पर कोई असर नहीं पड़ा। देवी मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उमडना सोमवार देर शाम से ही शुरू हो गया। पिछले दो दिनों में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि धाम में पहुंचकर दर्शन किए।

भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने व्यापक बंदोबस्त किया है। स्वास्थ्य शिविर से लेकर साफ सफाई और ककरालीगेट से मुख्य मंदिर तक के 21 किमी क्षेत्र में पथ प्रकाश की व्यवस्था की गई है। ठुलीगाड़, भैरव मंदिर और काली मंदिर में खोया-पाया केंद्र बनाया गया है। लेकिन इन व्यवस्थाओं के बीच पहले दिन व्यवस्थाओं में कई कमियां भी नजर आईं। वहीं रानीघाट, हनुमानचट्टी और आसपास शॉर्टकट वाले रास्तों में बैरिकेटिंग नहीं किए जाने से तीर्थयात्री ऐसे जोखिम भरे मार्गों से भी आवाजाही कर रहे हैं। इन जगहों से गुजरने से गिरकर चोटिल होने का अंदेशा रहता है। वहीं दूसरी ओर ठुलीगाड़ भैरव मंदिर मोटर मार्ग अभी तक पूरा नहीं किया गए हैं कई स्थानों पर अधूरे मार्ग के कारण एक ओर जहां पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देश नेपाल के ब्रह्मदेव मंडी और महेंद्र नगर स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।


BAREILLY
Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

| इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज) | | इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज) | |
|---|---|---|---|
| 1. आयुष्मान भारत योजना | 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) | 1. एचडीएफसी एर्गो | 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस |
| 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) | 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) | 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड | 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) | 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) | 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड | 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड |
| 4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) | 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC) | | |

एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## एक नजर

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अल्मोड़ा :** लमगड़ा पुलिस ने मारपीट के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लमगड़ा ब्लॉक के ठानामटेना गांव के ग्रामीण प्रेम राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही विजय कुमार नाम के व्यक्ति ने शराब के नशे में उसके साथ काफी गाली गलौच की। जिसका विरोध करने पर वह और भड़क गया और उसके साथ मारपीट की। बड़ी मुश्किल से उसने वहां से भागकर उसने अपनी जान बचाई। तहरीर मिलने के बाद जहां पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित ने पुलिस से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### प्रत्याशियों के खर्च के निरीक्षण को तिथियां तय

**अल्मोड़ा :** जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे निर्वाचन व्यय कर निगरानी के लिए गठित की गई निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह व अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखे का निरीक्षण किया जाना है। जिसके लिए आठ अप्रैल को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक कलक्ट्रेट में प्रथम चरण का निरीक्षण, बारह अप्रैल को द्वितीय निरीक्षण व 16 अप्रैल को तृतीय निरीक्षण किया जाएगा।

# 85 साल से अधिक आयु के वोटरों के लिए घर पर होगी मतदान की व्यवस्था

## अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने चुनाव तैयारियों की जानकारी दी

**ब्यूरो, देहरादून**



**अमृत विचार:** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए राज्य में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर पर जाकर मतदान की व्यवस्था की जा रही हैं। राज्य में 65 हजार 160 मतदाता 85 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।

जोगदंडे ने बताया कि 85 से अधिक आयु सभी मतदाताओं को फार्म उपलब्ध कराये गए थे, जिनमें से 10 हजार 390 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य में 80 हजार 330 दिव्यांग मतदाता हैं, उनमें से 5 हजार 576 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से वोटिंग के लिए आवेदन किया है। 25 मार्च आवेदन करने की अन्तिम तिथि थी। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी इन सभी मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक जनपद में टीमें हर मतदाता के घर पर जाकर उनसे संपर्क स्थापित करेगी। राज्य में घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम मतदान की प्रक्रिया को 8 अप्रैल से प्रथम चरण में 3 दिन के लिए प्रारम्भ किया जायेगा। यदि कुछ मतदाता इन तिथियों में अपने घर में उपलब्ध नहीं होगें तो ऐसे मतदाताओं के लिए 10 अप्रैल के बाद से द्वितीय चरण शुरू किया जायेगा। इसकी सूचना मतदाताओं को अखबारों एवं अन्य माध्यमों से भी उपलब्ध कराई जायेगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य में 11729 मतदेय स्थलों में मतदाओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। रैम्प, पेयजल, फर्नीचर, शेड की व्यवस्था 97 से 98 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर उपलब्ध हैं। कुछ मतदेय स्थलों पर न्यूनतम सुविधाओं के अंतर्गत रैम्प, पेयजल, फर्नीचर, शेड आदि की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग श्रेणी के चिन्हित मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम एप की व्यवस्था की गई है। राज्य में सक्षम एप के माध्यम से 1524 व्हील चेयर के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं। डोली के लिए 994 और स्वयंसेवक के लिए 5910 अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इन सभी सुविधाओं के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। दृष्टि बाधित मतदाताओं को ब्रेल के अंकित बेलेट पेपर उपलब्ध कराया जाएगा। निर्वाचन में शामिल सभी कार्मिकों को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान निःशुल्क और कैशलेस चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। सरकारी और सूचीबद्ध अस्पतालों को इसमें शामिल किया जायेगा। राज्य में प्रत्येक बूथ के लिए बूथ लेवल हेल्थ मैनेजमेंट प्लान बनाया जा रहा है। हर बूथ पर जो भी टीम जाएगी उसे चिकित्सीय सेवा के लिए किससे संपर्क करना है, नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र कौन सा होगा, इसकी पूरी जानकारी दी जायेगी। बूथों में दवाइयों के आकस्मिक किट भी उपलब्ध कराये जाएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि सी-विजिल ऐप से अभी तक राज्य में 9 हजार 318 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 8930 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है।

## केवाईसी सत्यापन न कराना किसानों को पड़ रहा भारी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** किसानों को खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई किसान सम्मान निधि योजना में लापरवाही बरतने के कारण जिले के हजारों किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन किसानों द्वारा अपना केवाईसी सत्यापन नहीं कराया है। जिस कारण अब उनके खाते में इस योजना के तहत मिलने वाली धनराशि नहीं आ रही है।

जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 24 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हैं। योजना के तहत पंजीकृत किसानों को सालाना छह हजार की धनराशि तीन किस्तों में दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को केवाईसी अनिवार्य रूप से कराना होता है। तभी उनके खाते में प्रोत्साहन राशि आ पाती है। लेकिन वर्तमान में जिले में करीब चौदह हजार से अधिक किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपना केवाईसी सत्यापन नहीं कराया है। जिस कारण ऐसे किसानों को अब इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा के नामांकन की तैयारी पूरी

**अल्मोड़ा :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के नामांकन के लिए बुधवार का दिन आखिरी दिन है। बुधवार को पूर्व घोषित तिथि के अनुसार जहां कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप टम्टा अपना नामांकन कराएंगे। वहीं अन्य दलों के उम्मीदवार व निर्दलीय प्रत्याशी भी नामांकन के लिए बुधवार को अल्मोड़ा पहुंचेंगे। मतदान के आखिरी दिन भीड़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्थाएं की हैं। 21 मार्च को पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रमोद कुमार ने अल्मोड़ा सीट पर अपना नामांकन कराया था। जबकि 22 मार्च को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अर्जुन प्रसाद व भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अजय टम्टा ने अपना नामांकन कराया था। बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस पार्टी समेत अन्य शेष दलों के उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कराने के लिए अल्मोड़ा पहुंचेंगे।



न्याय विभाग और गृह विभाग के अधिकारियों संग बैठक करतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी।

### कैदियों की समय से पूर्व रिहाई पर किया विचार

**देहरादून :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में न्याय विभाग और गृह विभाग के अधिकारियों की समिति में जेल से कैदियों की समय से पूर्व रिहाई पर विचार किया गया। तय किया गया कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशों तथा उत्तराखंड जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यवाही की जायेगी। सर्वप्रथम ट्रायल कोर्ट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से आख्या प्राप्त करके पुन : समिति के समक्ष विचार किया जाएगा। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से अनुरोध किया जायेगा कि सभी न्यायालयों को निर्देशित करें के प्राथमिकता से आख्या भेजें।

### उपपा से किरन आर्या होंगी लोकसभा प्रत्याशी

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से इस सामान्य निर्वाचन में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने युवा महिला नेता किरन आर्या को मैदान में उतारा है। पार्टी प्रत्याशी की घोषणा करते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया है कि काले धन, भ्रष्टाचार व नशे के खिलाफ जनता उपपा जैसी संघर्षशील ताकत के पक्ष में मतदान करेगी। तिवारी ने कहा कि किरन आर्या गत एक दशक से उनकी पार्टी के साथ सक्रिय हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय से अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र के साथ बीएड व कंप्यूटर में दक्ष किरन आर्या नैनीसार क्षेत्र के खौड़ी गांव की रहने वाली है और वह विधानसभा चुनावों में सोमेश्वर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं।

### गंगनहर में कूदी महिला का शव बरामद

**देहरादून :** पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक में नई गंगनहर में कूदी महिला की सोमवार को शव बरामद हो गया है। महिला का शव आसफ नगर झाल से बरामद किया गया। 25 वर्षीय शबीना निवासी जंदरपुर कोतवाली देहात बिजनौर रविवार को अपने पति आफताब और सुसराल वालों के साथ दरगाह में जियारत करने आई थी। अचानक उसने स्टील गार्डर से नई गंगनहर में छलांग लगी दी थी। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। रविवार को दरगाह में हाजिरी लगाने के बाद रात के समय सभी लोग पास में ही एक जगह सो गए। कुछ देर बाद परिजनों की आंख खुली तो देखा महिला वहां नहीं है। परिजन महिला को तलाशने लगे। इसी दौरान महिला ने स्टील गार्डर पुल से नई गंगनहर में छलांग लगा दी।

## उत्तर प्रदेश

### स्मैक बेचने में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बाजपुर से गिरफ्तार

**रामपुर :** बाजपुर पुलिस ने बिजारखाता के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य को बाइक से स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। बाइक और मोबाइल फोन को जब्त किया गया है। रविवार को बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस ने बिजारखाता के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद सकलेन उर्फ मोहम्मद इमरान पुत्र जमील अहमद को बन्ना खेड़ा बरहेनी मार्ग पर पुलिया के निकट से स्मैक की पुड़िया बेचते हुए रंग हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 25 .4 ग्राम स्मैक मिली। पुलिस ने सकलेन को बन्ना खेड़ा पुलिस चौकी ले जाकर उसकी बाइक और मोबाइल जब्त कर लिया। उसका एनडीपी एक्ट में चालान किया है। पुलिस अभी उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह धामी ने बताया की उसके साथियों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही मादक पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर उन्हें भी जेल भेजा जाएगा।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, महिला की मौत

**चौधरपुर( अमरोहा) :** होली मिलने ससुराल जा रहे दंपती की बाइक नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। उसका पति और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया। यह हादसा सोमवार दोपहर डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हुआ। डिडौली निवासी पिंटू पत्नी रिंकी देवी, बेटे ऋषभ और यश के साथ बाइक से होली मिलने अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे-9 पर चौधरपुर के पास पहुंचा तो उसकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई। पिंटू और उसके दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रामपुर :** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ताशका निवासी मंगलसेन का 24 साल का बेटा राजू रिक्शा चालक था। सोमवार की रात करीब नौ बजे वह कपड़े लेने के लिए सिविल लाइन आ रहा थ। नैनीताल रोड पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**सैदनगली ( अमरोहा) :** गांव कनेटा में घर में महिला का शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना क्षेत्र के गांव कनेटा में नईम का परिवार रहता है। सोमवार देर रात उसकी पत्नी मुस्कान ( 40) का शव घर के कमरे में रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना के बाद मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे। यहां उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस बीच फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने महिला शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के पिता गौहर ने बताया कि उन्होंने मुस्कान की शादी 18 वर्ष पहले नईम के साथ की थी। मृतक अपने पीछे एक बेटा व तीन बेटियों को रोते-बिलखते छोड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जेएनयू की छवि बिगाड़ने वालों को आगे भी हराते रहें

**लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाहर लाल नेहरू विवि नई दिल्ली छात्रसंघ चुनाव में जीत पर छात्रों को बधाई दी है। मंगलवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि पीडीए की एकजुटता ने सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की। अखिलेश ने कहा, भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह से हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं।

# कार में लगी आग, सात लोग झुलसे

**संवाददाता, मिलक( रामपुर )**

**अमृत विचार :** कार में एलपीजी गैस भरते समय भीषण आग लग गई। इसमें कार में बैठे तीन बच्चों सहित सात लोग झुलस गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अस्पताल जाकर झुलसे लोगों का हाल-चाल लिया। थाना क्षेत्र के गांव क्योरार निवासी रामकिशोर का परिवार मुरादाबाद के डिलारी ढकिया क्षेत्र में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। होली के त्योहार पर सभी लोग घर आए थे। मंगलवार को रामकिशोर को अपने भाई सूरज, पत्नी पूनम, बहन चंदा देवी तथा बच्चों को साथ लेकर ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने जाना था। इसके लिए उसने गांव में ही 1900 रुपये में इको वैन बुक की थी। चालक सहित कार में नौ लोग सवार हो गए। जैसे ही कार मिलक पहुंची तो चालक ने एलपीजी भरवाने को कहा। चालक बाहर खड़ा हो गया जबकि बाकी सभी कार में बैठे रहे। कार में गैस डालते समय अचानक आग पकड़ ली। कार में सवार रामकिशोरऔर उसकी पत्नी पूनम, दो माह की पुत्री साक्षी, बहन चंदा देवी निवासी ग्राम डिबडिबा थाना बिलासपुर, रामकिशोर का सात वर्षीय भांजा गौरव, तीन वर्षीया भांजी पलक तथा राम किशोर का भाई सूरज आग से बुरी तरह झुलस गए। लोगों ने किसी तरह कार के दरवाजे खोले तथा सभी को बाहर निकाला।

### बरेली सिटी से काशीपुर तक मेमू ट्रेन शुरू

**बरेली :** इज्जतनगर रेल मंडल में मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनों का संचालन सोमवार से शुरू हो गया। बरेली सिटी काशीपुर डेमू ( डीजल मल्टीपल यूनिट) ट्रेन को मेमू ट्रेन में बदलकर 05351 काशीपुर बरेली सिटी नई रैक के साथ चलाई गई। वहीं काशीपुर बरेली सिटी डेमू की जगह 05352 काशीपुर बरेली सिटी मेमू ट्रेन चलाई गई। मंगलवार को रामनगर-मुरादाबाद और मुरादाबाद- लालकुआं रूट पर भी मेमू ट्रेनें चलनी शुरू हुईं। इन ट्रेनों के चलने से डीजल की बचत होगी।

## बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**मसवासी(रामपुर):** शराब के नशे में धुत युवक की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

क्षेत्र के गांव मंसूरपुर निवासी राज्यपाल कश्यप का 21 वर्षीय पुत्र अंकित कश्यप होली के हुड़दंग के बाद बाइक लेकर दोस्तों के साथ पट्टी कला स्थित हाईवे की ओर चला गया। इस दौरान अंकित की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में अंकित व उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान अंकित की मृत्यु हो गई। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका में गोरखपुर में मंगलवार को होलिका भस्म की पूजा कर होली की शुरूआत की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। बाद में दोपहर बाद होली मिलन का सिलसिला शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की।

होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। इसका लोगों ने खूब आनंद लिया।

# ट्रेन में चढ़ने के दौरान नीचे गिरने से युवक की मौत

**संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान युवक का पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म के नीचे चला गया। उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। देवरिया निवासी 35 वर्षीय राजू पुत्र लालजी यादव अपनी पत्नी शशिबाला, नौ वर्षीय बेटे और गांव के चाचा चाची के साथ 19602 न्यू जलपाईगुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस के एस-2 कोच में राजस्थान में खाटू श्याम के दर्शन को जा रहा था।

मंगलवार दोपहर करीब 12:20 बजे ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची तो राजू पानी लेने के लिए नीचे उतर गया। इस दौरान ट्रेन चल दी। राजू ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़ा लेकिन तब तक रफ्तार तेज हो गई थी। चढ़ने के प्रयास में वह प्लेटफार्म से ट्रैक पर जा गिरा और ट्रेन से कट गया।


## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

5 . 1 . सीखना 2 . समझना 3 . समझाना ; बतलाना।
6 . अस्तबल, घुड़साल, अश्वशाला।
7 . थप्पड़, चांटा, झापड़।
9 . 1 . किसी कार्य या बात में लगा हुआ 2 . प्रसन्न 3 . अनुरक्त 4 . युक्त, सहित।
10 . एक प्रकार का गान, एक ताल।

**ऊपर से नीचे**

1 . दुकान।
2 . 1 . आत्मवाद 2 . अध्यात्मवाद।
3 . 1 . अवरोध, रुकावट, बाधा 2 . प्रतिकूलता, विपरीतता 3 . आपसी अनबन या बिगाड़ 4 . असंगति ; विसंगति 5 . लड़ाई, झगड़ा, संघर्ष।
4 . 1 . परिवार के लिए काम करने वाला व्यक्ति, गृहस्थ 2 . संसार के प्रपंच में उलझा हुआ व्यक्ति, संसारी 3 . व्यवहारकुशल व्यक्ति।
8 . 1 . तरह, समान, सदृश, तुल्य 2 . ऐसा।




### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कु | ब | ड़ा | | 2 अ | | 3 ह |
| रै | | | 4 अ | भि | जि | त |
| शी | | | | धा | | म |
| | 5 अं | 6 शा | प | न | | ति |
| 7 का | बु | क | | | 8 फु | |
| | जा | | | | हा | |
| | | 9 ज | हा | ज़ | रा | नी |

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू -99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .06 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष:** आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से दबाव कम होगा।

**वृष:** आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें। प्रेमीजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।

**कर्क:** आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। व्यापार के दृष्टिकोण से ग्रह स्थिति पक्ष की नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे।

**सिंह:** आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**कन्या:** आज परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें।

**तुला:** आज भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपकी छवि निखरेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक:** आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे।


**धनु:** आज सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे।

**मकर:** आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे।

**कुंभ:** आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। काल्पनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अति भावुक होने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा।

**मीन:** आज प्रेमीजन के साथ झगड़ा हो सकता है। किसी भी तरह के मनमुटाव को शीघ्र ही सुलझा लें वरना यह बड़े तनाव का कारण बन सकता है। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 16 .16 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
सीता और गीता — सुबह : 11 .00
कर्तव्य — रात : 07 .00

**&pictures**
ए फ्लाइंग जट्ट — सुबह : 11 .18
चुप — रात : 08 .00

**Sony Pix**
जर्नी 2 — सुबह : 10 .49
वेनम — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
आर्टिकल 15 — सुबह : 09 .40
जीरो — शाम : 05 .25

**Colors Cineplex**
कल हो न हो — सुबह : 11 .21
फोर्स 2 — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05 .25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बातें मत किया करो।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम : सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत : ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या – ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता – इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।


## संपादकीय

# अशोभनीय बयानबाजी

भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहज भागीदारी तमाम चुनौतियों के बीच अभी भी एक दुष्कर कार्य है। जेंडर संवेदनशीलता के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों का रवैया एक जैसा है। राजनीति से जुड़ी महिलाओं को अभद्र भाषा से लेकर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की अशोभनीय टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। हालांकि, सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से कंगना रनौत के लिए लिखी गई पोस्ट पर सफाई दे दी है, लेकिन ऐसा व्यवहार असहनीय और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। पोस्ट में पूछा गया कि मंडी में क्या भाव चल रहा है? विरोध के रास्तों पर हार मानकर एक ऐसी ओछी बात कह देना, जिससे औरत की अस्मिता और उसकी इज्जत पर प्रहार हो, यह राजनीति का गिरता स्तर ही बताता है।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सपा नेता आजम खान ने भी अभिनेत्री जया प्रदा के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी। राजनीति ही नहीं सार्वजनिक जीवन में जितनी भी महिलाएं हैं, चाहे वो नेता हो, अभिनेत्री हों या खिलाड़ी, उनके चरित्र और व्यवहार का रिमोट लोग अपने हाथ में ही रखना चाहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल 2020 की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान 95 भारतीय महिला राजनेताओं के ट्वीट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि महिला राजनेताओं के बारे में सात में से एक ट्वीट अपमानजनक था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद एक महिला होने के बावजूद कांग्रेस प्रवक्ता ने एक अन्य महिला के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की और यह कहकर पीछे हटने की कोशिश कर रही हैं कि किसी ने उनके दूसरे खाते का इस्तेमाल किया है। इसको समाप्त करने के लिए या कम करने के लिए राजनीतिक दलों के पास कोई दूरगामी योजना नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी करने पर कार्यवाही करने का कोई नियम कायदा तक राजनीतिक दलों में नहीं है। भारतीय राजनीति किस तरह से जेंडर संवेदनशील हो सकती है? इसके लिए भी किसी राजनीतिक दलों के पास कोई आचार संहिता नहीं है। सच्चाई यही है कि राजनीति के लगातार गिरते स्तर ने हमें ऐसे विचारों का आदी बना दिया है।

# सत्ता की आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच टकराव मात्र है सुशासन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है।

नेता लोग अक्सर 'गुड गवर्नेंस' या सुशासन की बात करते थकते नहीं हैं। प्रांतों और केंद्र सरकार का हर एक शासकीय प्रमुख यह दावा करता है कि उनके राज में ही गुड गवर्नेंस आई है। यह शब्द भाव कहां से आया? क्या भारत में कभी सुशासन रहा है। सुशासन आखिर है क्या? क्या रामराज्य, जिसे हममें से किसी ने नहीं देखा और बस सुना मात्र है, हमारे लिए सुशासन की कल्पना रही है। क्या गरीबी और इनइक्वलिटी, प्रताड़ना और दुःख राम राज्य में नहीं थे? उस वक्त 'स्टेट रिसोर्सेज' थे या नहीं और अगर थे तो इन्हें कौन,कैसे कंट्रोल करता था। क्या इक्वीटेबल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेज हुआ करता?

राम का राज्य थोड़े से क्षेत्र में था जिसकी सीमाएं भी हमें मालूम नहीं। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह सरयू क्षेत्र के होता था जिसका रकबा आजकल के एक जिले जितना ही रहा होगा। रामराज्य की समृद्धि का आकलन हम उससे नहीं लगा सकते जिस प्रकार से यह भारतीय हिंदी सिनेमा और टीवी सीरियल्स में अभिव्यक्त किया जाता रहा है। मेरे हिसाब से उस समय रेशम के बने हुए वैसे शानदार वस्त्र और आभूषण कभी नहीं थे,जैसा सागर प्रोडक्शन्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित रामायण सीरियल में अक्सर दिखाया गया। उस समय के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंसेस, पब्लिक फैसिलिटीज और गवर्नेंस के बारे में हमें कुछ नहीं मालूम, ऐसा मेरी अवधारणा है। हो सकता है श्रीराम के राजकाल के बारे में जो भी तत्कालीन साहित्यकारों ने लिखा वह सिर्फ गौरवगाथा है।

आधुनिक वक्तों में गुड गवर्नेंस के कांसेप्ट को ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट में पहली बार दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर 28 मार्च सन् 1947 को यूनाइटेड नेशन्स इकनोमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार-ईस्ट की स्थापना के पांच महीना बाद जब इसका नाम बदलकर 'इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक' किया गया उस समय डिफाइन किया गया था। इसके उद्देश्यों में कहा गया कि 'सुशासन, अन्य बातों के अलावा, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह है। यह प्रभावी और न्यायसंगत भी है और यह कानून के शासन को बढ़ावा देता है। सुशासन यह सुनिश्चित करता है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताएं समाज में व्यापक सहमति पर आधारित हों और विकास संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लेने में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की आवाज सुनी जाए।' तब क्या सोशलिज्म को हम गुड गवर्नेंस कहेंगे? दुनिया के बड़े मुल्कों के पोलिटिकल गवर्नेंस के सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस के तौर-तरीके विकसित होते हैं और एक देश की गुड गवर्नेंस दूसरे देश के पॉलिटिकल सिस्टम के अनुसार ढाल ली जाती है। गुड गवर्नेंस के या सुशासन के सार्वभौम माने नहीं भी बदलें तो भी हर एक देश अपने सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस को डिफाइन तो करता ही है।

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिये से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांतत: स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है।

इस हिसाब से अगर देखें तो रामराज्य के वक्तों में पॉलिटिकल आइडियोलॉजी वही रही होगी जिसे राजा जनक और वशिष्ठ जैसे मुनियों ने तय किया होगा। आखिर राजगुरुओं ने ही उस समय सुशासन को तय किया होगा, लेकिन हमें प्राचीनतम भारत के पॉलिटिकल एडमिनिस्ट्रेशन या स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ अधिक नहीं मालूम। कुछ लर्नेड जर्नल्स में छपे पर्चों को और किताबों में प्रकाशित जानकारी को देखा गया कि इसमें गवर्नेंस के 'दर्शन' के बारे में तो बहुत कुछ मालूम हुआ, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा जिन नुक्तों के बारे में हल्का सा जिक्र मैंने किया है। हर एक कानून और नियम का पीछे 'दर्शन' की एक दृष्टि काम करती है,लेकिन गवर्नेंस के बारे में सॉलिड प्रूफ और एविडेंस अगर नहीं है तो एडवांस्ड सिविल सोसाइटी इसे कैसे मान सकती है। इसका एविडेंस न हो तब भी हिन्दुओं के 'सेक्रेड टेक्स्ट्स' में इसकी झलक तो मिलती ही है और गुड गवर्नेंस के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिशील समाज अपने प्राचीन दर्शन और शास्त्रों के अनुसार वर्तमान कानूनों के इसी अनुसार निर्मित और स्थापित करने के उपरांत इन्हें न्याय पूर्ण व्यवस्था के अनुसार लागू करता है जिसका अवलोकन न्यायालय की जिम्मेवारी होती है और वह भी तत्परता से। ऐसे में क्या हम राजा राव द्वारा रचित 'कन्थपुरा' उपन्यास से कुछ सूत्र ग्रहण कर सकते हैं जिसमें हम रामराज्य की झलक पा सकते हैं? इसके नैरेटिव में राव जी ने रामायण और पुराणों के अलावा मिथकों का प्रयोग किया है। ब्रिटिश राज के परिप्रेक्ष्य में राव जी ने इस उपन्यास के कथावस्तु में भारत के लोगों की संवेदनशीलता और आमजन के 'दर्शन' का ताना-बाना दक्षता से बुना है। इस मामले में उद्धरणों के तौर से हम मशहूर ब्रिटिश निबंध लेखक और चिंतक फ्रांसिस बेकन (1561-1626) को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकन का जीवन काल करीब वही है जिस समय भारत में अकबर और जहांगीर का शासन कायम था। इन मुगल सम्राटों की पॉलिटिकल गवर्नेंस की स्थिति पूरी तरह से तुर्क और इस्लामिक नहीं थी, बल्कि इसमें भारतीय दर्शन तत्व भी शामिल थे।

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है अर्थात् क्या इनके बीच तनाव और टकराव का होना एक कुदरती जरूरत है? अगर हर एक शासक या सत्ताधारी सुशासन का दावा करता रहा है तो भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अन्याय से लोग दुखी क्यों रहते हैं,शिकायत बनी क्यों रहती हैं? इसकी वजहों पर बहुत विमर्श इस समय उपलब्ध है। दक्षिण भारत में राजा राव (सन् 1908-2006) बड़े माने हुए लेखक और चिंतक हुए हैं। गांधी जी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार एक दक्षिण भारत के एक गांव कंथपुरा की स्वशासन को पृष्ठभूमि में रखकर राव जी ने इसी नाम से उपन्यास लिखा जिसका गजब का नैरेटिव है। कंथपुरा के नैरेटिव के भीतर हम स्वशासन के जरिए सुशासन की गंध सूंघ सकते हैं,लेकिन कितने सत्ताधारियों को 'कंथपुरा' के बारे में मालूम है। साहित्य और सुशासन के ऐसे अंतरंग संपर्क दूसरी किताबों में अनुपलब्ध हैं। संस्थानों और व्यक्तियों को भ्रष्ट करने की आवश्यकता क्या सत्ताधारियों के इरादों और दर्शन की श्रेष्ठता के बीच के 'कनफ्लिक्ट' का अध्ययन मात्र है या इससे न्यायपरकता पर लांछन लगाए जा सकने की एक एक्सरसाइज माना जाता रहा है जिसके पक्ष में जाहिर है, सत्ताधारी अधिकतम संख्या में रहते हैं?

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिए से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया,लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है। चाहे ग्राम्यांचल हैं या नगरांचलों की शासन व्यवस्था। भ्रष्टाचार और अराजकता,कानून के सामने बराबरी हर समय, हर स्थिति में, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, इनका हनन होता है ऐसे समाचारों से अखबार भरे रहते हैं। क्या इस सत्ताचारी शासक वर्ग को इस बात के लिए कभी प्रेरित नहीं करता कि गुड गवर्नेंस को आघात पहुंचने की अवस्थाएं मौजूद रहीं हैं और वे दूर हो ही नहीं पा रही हैं? 'हैंडबुक ऑफ गुड गवर्नेंस', 'इंटेलीजेंट गवर्नेंस इन द ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी', 'गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट' और 'गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेटिक सोसाइटीज एंड ग्लोबलायिजेशन' जैसी किताबें कुछ सोचने को तो मजबूर करती हैं,लेकिन विशाल और विविधताओं से भरपूर देश भारत में गुड गवर्नेंस के इम्प्लीमेंटेशन और संचालन एक चुनौती रहा है। देश के बड़े सत्ताधीशों की अच्छी सोच के बावजूद व्यावहारिक और सामान्य गुड गवर्नेंस लोकल स्तर पर भी हो जाए तो बहुत है। जाहिर है यह सत्ताधीशों से 'कनफ्लिक्ट' की नहीं,बल्कि उनसे त्याग की पहले मांग करता है,जो इनके लिए पॉलिटिकल गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति के चलते हुए 'संभव' से परे की बात नजर आती है।

## प्रसंगवश

# महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

महादेवी वर्मा की जयंती पर हिंदी भाषी लोग उतने मुखर नहीं होते जितने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर। स्त्रियां भी महादेवी के स्त्री चिंतन और सामाजिक सक्रियता के उदाहरणों पर मौन रह जाती हैं। महादेवी के साहित्य का एक स्त्री के छायावादी साहित्य के रूप में अध्ययन स्त्री और छायावाद दोनों को नए अर्थ से भर देता है। उन्होंने 'श्रृंखला की कड़ियां' लिखी थीं,फिर भी एक स्त्री विमर्शकार के रूप में उनके अवदान को स्त्रियां भी याद नहीं करतीं।

निराला के 'झूम- झूम मृदु गरज-गरज घनघोर' के बादल और महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' के फर्क को देखा जा सकता है। आखिर स्त्रियां ही इतना क्यों रोती हैं,पढ़ी-लिखी स्त्रियां भी? पुरुष को क्यों ऐसा रोना नहीं आता? यह हार्मोन का मामला नहीं है,यह नियति नहीं है,बल्कि हजारों साल के आतंककारी पितृसत्तात्मक मानसिक दबाव का मामला है। हमारे समाज में धर्मांधता बढ़ी है तो पितृसत्ता भी मजबूत हुई है,भले कुछ महिलाओं को मंत्री बनाकर उदारवाद का मिथ्या प्रदर्शन किया जाए। महादेवी का अश्रु महज रोने-गाने का मामला नहीं है,वह एक नए संसार के लिए तड़प है, 'करें दृग आंसू का व्यापार, चाहिए एक नया संसार'। वर्तमान संसार असह्य है,इसलिए एक नया संसार चाहिए। वह बड़े सपनों,संघर्षों और बलिदान का जमाना था,जहां सपने हों पहरेदार,चाहिए एक नया संसार। वह सारा कुछ आजादी के लिए था,सिर्फ अंग्रेजी दासता से नहीं। हर दासता से मुक्ति के लिए,धार्मिक गुलामी से भी मुक्ति के लिए। आज इतने विस्तार से कल्पना करने की शक्ति समाज खोता जा रहा है। वह 'मैं-मैं' और 'मेरा अनुभववाद- तेरा अनुभववाद' में फंसा है। महादेवी मंदिर की आरती बेला के शंख और घड़ियाल के शोर के बीच कहती हैं,'यह मंदिर का दीप,इसे नीरव जलने दो।' जब धर्म एक शोर होता है,वहां ईश्वर छोड़कर बाकी सबकुछ होता है।

आज बाजार उछल-उछल कर स्त्री की परिभाषा तय कर रहा है। धार्मिक अंधविश्वासों की तरह बाजारवाद हावी है। महादेवी का स्त्री विमर्श धार्मिक अंधविश्वास और बाजारवाद का विरोध करता है। आजकल का स्त्री विमर्श कितना करता है?

# कारपोरेट कंपनी बने दल,हाईजैक जनतंत्र



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र का वर्तमान स्वरूप कारपोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं,बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया कोई नहीं बनना चाहता,बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है, क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है,जो अपने पुरुषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है।

तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहां स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं,किंतु स्वहितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक हैं। संपूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है,ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गए हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमें चार-पांच दल आपस में प्रतिद्वंद्विता रखते हुए विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नई व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुए सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है।

एलेक्टोरल बांड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कारपोरेट नाम एलेक्टोरल बांड है। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुए जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतंत्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है,जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? शायद नहीं।

तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है,जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं,किंतु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं,पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है।

तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में,जो लूट मची है,ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी,पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों-रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है,जो लोक से जुड़ा रहता है,उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे।

देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुए भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

## सोशल फोरम

# राजनेताओं की भाषा

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

राजनीति इतनी विकृत हो गई है कि जो बुद्धिजीवी उसके संपर्क में आते हैं उनके भीतर वही वायरस प्रवेश कर जाता है। राजनीति उस कचरे की तरह हो गई है जिससे बदबू निकलने लगी है जिनको पसंद है वे इत्मीनान से गींजते रहे,मैं भले अकेले रहूं,लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता।

राजनेताओं और प्रवक्ताओं की गंदी जुबान और घटिया भाषा कोई आश्चर्य की बात नहीं,लेकिन यह देखकर मैं हैरान हूं कि 65-70 की उम्र तक पहुंच चुके लेखक,संपादक और पत्रकार भी अब ऐसी ही भाषा बोलने लगे हैं। हैरान-परेशान जब मैं शांत होकर ऐसे लोगों की पूंछ टटोलता हूं तो कुछ-कुछ समझ में आने लगता है। उछलकूद और दुर्मुख होने के पीछे इनकी जाति और जातिगत नेताओं की चाटुकारिता की बैट्री है। अगर वह इस या उस जाति के नहीं होते तो वे दो कौड़ी के कलमघिस्सू भी मुश्किल से बन पाते। ऐसे लोग हाथ में अलकतरा लिए हर पल फेसबुक पर भी मौजूद रहते हैं और तलाशते रहते हैं ऐसे लोगों को जो अल्पसंख्यक कमजोर जाति से हो और जिनका उनकी तरह का कोई राजनीतिक जुड़ाव न हो। अगर ऐसे लोग उनसे या उनकी जाति के किसी नेता से मात्र असहमत होता हुआ दिखा तो तुरंत उसके मुंह पर अलकतरा पोत देते हैं। ऐसे लोगों को मैंने देखा है कि जहां उनको लगता है कि यहां टार्गेट किया तो अलकतरा के बदले एसिड भी आ सकता है। फिर तो वे रास्ता ही बदल लेते हैं या मिमियाने लगते हैं। लोकतंत्र के खतरे को लेकर रेंकने में ये अगली कतार में रहते हैं।

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे। आप उनका कुछ नहीं कर सकते। ऐसे परजीवी बुद्धिजीवी बहुत हो गए हैं। तमाम प्रतिकूलताओं के विरुद्ध साहस से प्रतिरोधी आवाज देने के लिए माद्दा चाहिए। ऐसा जिसके पीछे न जाति की ताकत हो और न सत्ता की।

**-फेसबुक वॉल से**

# आईए हम भी सोच बदलें अपनी



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है।

टुन्न आदमी से बतिया कर देखिए। वो बेचारा पूरी कोशिश में होता है कि उसे शराबी न मान ले आप। वो आपसे तौल-तौल कर बाते करेगा जितना तमीजदार हो सकता है,उससे दस गुना होने की पूरी कोशिश करेगा। चलेगा तो एक-एक कदम संभालकर रखेगा। पीने वाले से ज्यादा सभ्य,सतर्क और तार्किक होना मुश्किल है। शराब का जिक्र काफी होता है। आपको पीने वाले की आंखों की तेज चमक चौंधिया देगी। वो इतना खुश हो जाएगा कि उसकी खुशी संभालना आपको भारी पड़ सकती है। वो शराब के सामने किसी को गिने ऐसा होता नहीं। यदि आप भी पीने वालों में से हो,पिलाने की हैसियत रखते हों तो वह फौरन से पेश्तर आपका यार हो जाएगा। गले से लगा लेगा आपको और आपके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाएगा।

ये फक्कड़,वीतरागी और खोए-खोए लोग हैं। बाकी किस्मों के इश्क की ही तरह ही शराब से इश्क उन्हें उदार और भलामानस बना देता है। ऐसे दसियों लोग आपको अपने आसपास,परिचितों में ही मिल जाएंगे,जो दो पैग लगाने के बाद जो भी करते हैं वो बेमिसाल होता है। छतरपुर पोस्टिंग के वक्त मेरा बच्चों के डॉक्टर से परिचय हुआ था। डॉक्टर साहब जब लगा चुके होते थे तब वो अपनी काबिलियत के चरम पर होते थे। छोटे-छोटे बच्चों लिए मां-बाप की भीड़ यही चाहती थी कि डॉक्टर साहब उनका बच्चा देखने के पहले एकाध पैग लगा चुके हो तो बेहतर है। मैं अपने निजी अनुभव से यह मानता हूं कि पीने वाले ज्यादा खुशमिजाज,व्यवहार कुशल,मिलनसार,भरोसेमंद और यारबाज होते हैं और यही गुण उसे जिंदगी की रेस जीतने में मदद करते हैं। आप न पीने वाले को देख लें। भाई इसी बात के नशे में रहेगा कि मैं नहीं पीता। नीरस जिंदगी जीता है वो। रात को आठ बजे तक अकेले-अकेले मुंह बनाते हुए अपना दाल-दलिया खा लेता है। चैनल पर न्यूज देखता है और दस बजते-बजते खर्राटों के हवाले हो जाता है। अब ऐसी जिंदगी किस काम की। इससे तो दो पैग लगाकर यारों की मंडली जुटाने वाले भले।

शराबी भगवान से डरता है और भगवान से ज्यादा बीबी-बच्चों से डरता है। बिना किसी के कहे ही माने बैठा होता है कि उसने गलती की है,ऐसे में देर रात तोहफों से लदा-फदा घर लौटता है। बंदा यारों के साथ मन हल्का करके लौटा होता है। इसलिए घर में सुख-शांति बरकत बनी रहती है। आप ठंडे दिमाग से गौर करें तो मेरी इस बात से राजी होंगे कि पीने वालों की तुलना में न पीने वाले ज्यादा तुनकमिजाज, झगड़ालू और बददिमाग होते हैं। दुनिया में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं,उनमें से अधिकतर के पीछे न पीने वाले बंदों का ही हाथ है। अब हिटलर को ही ले लें। बंदे ने शराब को हाथ नहीं लगाया,पर कभी पर आदमियों का खून पीने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जबकि पीने वाले ऐसे लीडरों की लंबी-कतार मिलेगी आपको जो सच्चे अर्थों में जनता से प्रेम करते थे।

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है। पर भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वो हाथों-हाथ लेता है पीने वालों को। आप ने जन्नत में शराब की नदियां बहने की बात सुनी ही होगी। इन नदियों की वजह से ही उसे जन्नत कहा गया है और ये नदियां ही उसे दोजख से अलग करती हैं। ये नदियां वहां इसलिए हैं,क्योंकि ऊपर वाला भी शराब से इश्क करने वालों का ख्याल रखता है। उन्हें बतौर वीआईपी ट्रीट करता है। यदि ऐसा न होता तो जन्नत में शराब की नदियां बहाने का कोई तुक नहीं था। आइए हम भी सोच बदलें अपनी। शराब से इश्क करने वालों से तमीज से पेश आएं। इज्जत करें उनकी। इसलिए करें, क्योंकि ऊपर वाला भी यही करता है।

# आम बने खास



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रारंभ से ही नाटक करने में बेजोड़ रहे हैं। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनेता और फिर मुख्यमंत्री बनने के पश्चात वर्ती घटनाएं इसकी गवाह हैं। इन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'आम आदमी'पार्टी' रखा। हालांकि केजरीवाल सहित इसके नेताओं के तौर-तरीके कभी आम आदमी जैसे नहीं रहे। उन्होंने सब कुछ वैसा ही किया जैसा अन्य पार्टियां करती हैं। हां! मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने तथा नाटक,पाखंड करने में औरों से कुछ आगे हैं।

इनकी शुरुआती घोषणा थी कि वे जनता की सवारी से चलेंगे और सड़क पर बैठकर जन सुनवाई करेंगे,किंतु एक दिन सब मंत्री आटो-टेम्पों से चले, फोटो मीडिया में आईं और अगले ही दिन से सब चमचमाती कारों से चलने लगे। ऐसे ही सड़क से जन सुनवाई एक दिन भी पूरी नहीं कर सके थे। बीच में ही छत पर चढ़ गए थे। जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताया और उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को जेल भेजने की घोषणा करता रहे। शुरू में उन्हीं से गठबंधन करके सरकार चलाई। केजरीवाल की सत्ता और शक्ति की भूख बहुत प्रबल रही है और वे इस अधूरे प्रांत के मुख्यमंत्री/सरकार की शक्तियां बढ़ाने के लिए कई बार सुप्रीमकोर्ट गए। वे मुख्यमंत्री होकर सड़क पर धरने प्रदर्शन करते रहे और छोटी-छोटी बातों के लिए आए दिन सुप्रीमकोर्ट गए,जिस पर उन्हें अदालत ने फटकारा भी।

एक समय था,जब वे आए दिन प्रेस वार्ता करके किसी न किसी नामचीन नेता को भ्रष्ट घोषित करते थे। हालांकि इन आरोपितों में कुछ ने इन पर कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी किया जिसमें इन्होंने माफी मांगी। अब वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब घोटाले में जेल भेजे गए हैं और पाखंड चालू है। इसके पहले,अब तक के इतिहास में जिन मुख्यमंत्रियों पर जेल जाने की तलवार लटकी,उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। ये नायाब और पहले मुख्यमंत्री हैं,जो जेल जाने के बाद भी पद पर डटे हैं और सरकार चलाते रहने का दावा कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी को एक आदेश भेजा है जिसमें कहा गया है कि "दिल्ली वासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए"। आदेश कंप्यूटर पर टाइप है।

संप्रति ये अदालत से जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए हैं और ईडी की हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें न तो कंप्यूटर दिया है,न कागज। अदालत ने भी उन्हें ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है,किंतु पाखंड चालू है कि इन्हें दिल्लीवासियों की बड़ी चिंता है। समझा जाता है कि इनकी पत्नी सुनीता इनसे मिलने गईं थीं। वे टाइप शुदा कागज,कलम ले गईं और इनके हस्ताक्षर करवा कर बाहर कागज़ ले गईं। अब यह विषय भी फरेब और जालसाजी का बनता है।

दरअसल जेल की अपनी नियमावली है। न्यायिक हिरासत में बिना अदालत की अनुमति से ये सरकार कैसे चला सकते हैं? पूछताछ के लिए रिमांड पर होने पर इन्हें विवेचना एजेंसी के अनुशासन के अधीन रहना होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मालूम हो कि इन्होंने अठारह विभाग तक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आवंटित किए थे और अपने पास कोई विभाग नहीं रखा। ये जिम्मेदारी से बचते रहे,लेकिन अब काम की चिंता है। ये देश के अकेले मुख्यमंत्री हैं,जो अपने पास कोई काम नहीं रखते थे। छद्म लाजवाब है!

## चुनाव कमाल का...

- 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। इस चुनाव में यदि मतदान के दौरान आपको लगता है कि आपके योग्य कोई भी उम्मीदवार नहीं है। तो नोटा का बटन दबाकर आप अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव हुए उसमें नोटा की भागीदारी लगभग 2 से 3 फीसदी ही रही। शायद आपको मालूम न हो कि यदि मतगणना में नोटा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं तो चुनाव रद्द भी हो सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग दोबारा चुनाव कराएगा। जब तक देश में नोटा की व्यवस्था नहीं थी। तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उसके मापदण्ड पर कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट नहीं डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बेकार हो जाता था। वे लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। ऐसे में साल 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प देने संबंधी अपने निर्णय से अवगत कराया था। और वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया। प्रकार ईवीएम में एक और विकल्प नोटा शामिल हुआ।

# मुस्लिम बनाम दलित कार्ड से भाजपा का होगा बेड़ापार

## बसपा के एकला चलो से मिशन : 80 का मंत्र तलाशने में जुटी भाजपा, मुस्लिम वोटरों की एकजुटता के जवाब में दलित कार्ड पर फोकस

रणनीति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ




**माया की सपा से अदावत का फायदा उठाने में आरएसएस भी सक्रिय**

**अमृत विचार** : पिछले लोकसभा चुनाव तक बसपा से टिकट का मतलब सांसद बनने की गारंटी था, मगर इसबार अकेले मैदान में उतरने से माहौल नहीं बन पा रहा है। भाजपा इसी कमजोरी को हथियार बनाकर इसबार मिशन:80 में मुस्लिम बनाम दलित कार्ड खेलने की तैयारी में है।

भाजपा के साथ आरएसएस के दलित कॉडर भी मायावती और सपा नेताओं की अदावत को गांव-गांव समझाने में जुटे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मुस्लिम वोटों के एकतरफा ध्रुवीकरण की चुनौतियां से दलित कार्ड के सहारे किलेबंदी हो रही है। भाजपा से दलितों में कोई नाराजगी भी नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा दलित चितंकों और नेताओं से जुड़े कार्यक्रम हो या त्योहार सिद्दत से जुड़ते हैं। लोकसभा चुनाव से ही पहले दलितों को जोड़ने के लिए हर बस्ती तक पहुंच चुकी है। पार्टी ने प्रदेश में दो दिन का विशेष दलित बस्ती संपर्क अभियान भी चलाया। संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में दलितों की भागेदारी देखने लायक थी। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं कि पार्टी से दलितों का जुड़ाव इसबार मतदान में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्रों में भीम सम्मेलन, जाटव बस्तियों में सम्मेलन, समाज के युवाओं से संवाद आदि कार्यक्रमों से भाजपा के हर बूथ पर दलित नेताओं की टीम मिली है।

उधर, लोकसभा चुनाव में बसपा का चुनाव प्रबंधन और तैयारी अन्य दलों के मुकाबले कमजोर दिख रही है, जहां पिछले चुनावों तक दावेदारों की कतारें रहती थीं, वहीं इसबार टिकटार्थी ढूंढने पड़ रहे हैं। 25 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशियों में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनका चुनाव से कभी सरोकार नहीं रहा। ज्यादातर नए और अनुभवहीन भी हैं। कुछ तो सिर्फ इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि बसपा के कॉडर वोट मिलने से उनकी पहचान बन जाएगी, तो आगे विधानसभा चुनाव में कहीं भी टिकट की दावेदारी काम आएगी।

### ▶▶ 14 हारी हुईं सीटों के साथ 7 जीतीं सीटों पर भी चुनौती बरकरार

भाजपा की वैसे तो 11 सीटें हैं, जहां पिछली बार लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इसमें सात जीतीं हुई सीटों पर इसबार भी चुनौतियां बरकरार है। इसमें जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट पर भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोट से बसपा के ई. त्रिभुवन राम को हराया था। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के साथ और कर्ता-धर्ता की हैसियत में थे। मेरठ सीट पर भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब को मात्र 4729 वोट से हराया था। भाजपा इसबार टिकट बदलने की तैयारी में है, यहां से रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोबिल और कवि कुमार विस्वास का भी नाम आ रहा है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजीत सिंह को 6526 वोटों से हराया था। इसबार भाजपा के साथ आई रालोद ने दावेदारी नहीं की तो बालियान का टिकट पहली सूची में ही पक्का हो गया। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को 12353 वोटों से हराया था, इसबार सपा प्रत्याशी नहीं घोषित करके इंतजार कर रही है। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र पांडेय 13959 वोट से जीते थे, जबकि सुल्तानपुर सीट पर मेनका गांधी मात्र 14526 वोट से और बलिया सीट से वीरेंद्र सिंह मस्त मात्र 15519 वोट से जीते थे। महेंद्र को छोड़ सबकी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा फंसी हुई है। इसी के साथ हारी हुई 14 सीटों पर भी भाजपा जीतने के लिए पूरा जोर लगा लगाने में जुटी है।

### ▶▶ उपेक्षित महसूस कर रही निषाद पार्टी

भाजपा के साथ हमेशा कदम ताल करने वाले निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम सीटों पर जीत-हार में निर्णायक की भूमिका निषाद (मल्लाह बिरादरी) की रही है। नदी तटीय इलाकों में वोटरों का वर्चस्व है। फिर भी अभी तक एक भी सीट नहीं दी गई। जबकि भाजपा को कोसने वाले सुभासपा के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोसी सीट हासिल कर ली है। आस-पास की कुछ अन्य सीटों के लिए दबाव बना रहे हैं। लेकिन निषाद पार्टी दबाव बनाने में भी पिछड़ती दिख रही है।

## भाजपा ने बहराइच से सांसद के बेटे को बनाया प्रत्याशी

**बहराइच, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से बहराइच लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य की टीम ने शनिवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें उन्होंने बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने निरंतर प्रत्याशी बदले। वर्ष 2014 में भाजपा ने सावित्री बाई फुले को टिकट दिया और उन्होंने जीत दर्ज कर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साध्वी सावित्री बाई फुले कांग्रेस में चली गई तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने अक्षय वर लाल गोंड को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है।


डॉ. आनंद गोंड

# अमेठी तो खास, यहां के मुद्दे हैं आम

संवाददाता, अमेठी

**वीआईपी सीट अमेठी**


राहुल गांधी


स्मृति ईरानी

**अमृत विचार** : मैं अमेठी हूं, मेरे अतीत में प्रभु श्रीराम की यादें हैं, द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है, नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया, पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में पले बढ़े, जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया, कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, समसेरियन भवानी, देवीपाटन, अहोरवा भवानी सहित कई अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों की अनमोल धरती मेरे पास है।

पहले मैं सुलतानपुर जिले की हिस्सा थी, मुझे 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि हम पर सभी की नजर टिक गई। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए, लेकिन बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इसमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।जगदीशपुर उतलेवा, कौहार, टिकरिया और त्रिशुंडी अभी चमक बिखेर रही हैं।


पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह का कहना है कि औद्योगिक इकाइयों के विकास को लेकर ठोस प्रयास की आवश्यकता है। पुराने उद्योगों को शुरू कराया जाय, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उद्योग स्थापना से न सिर्फ रोजगार बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।


युवा मुस्तकीम बघेल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्हें रायबरेली और बीएचएल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना ही होगा।


समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि परिवहन सेवा बहुत ही आवश्यक है। इसका विस्तार किया जाना चाहिए। गौरीगंज जिला मुख्यालय है। कम से कम बस स्टेशन होना चाहिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके।


राज बहादुर लोधी का कहना है कि पांच साल से पुल का निर्माण अधूरा है। समय का ख्याल रखना चाहिए। पुल का निर्माण अगर हो जाता तो 15 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। निर्माण पूरा होने से सहूलियत मिल जाती।


प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सिंह का कहना है कि अमेठी जिला मुख्यालय पर उच्च शिक्षा के लिहाज से एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। ऐसे में युवाओं की उच्च शिक्षा में समस्या आती है।

# इस बार मित्रसेन के बड़े बेटे ने ठोंकी ताल

**विरासत** — मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रहे परिवार के सदस्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन इसमें सेन परिवार के किसी को भी टिकट नहीं मिला। तब से सियासी हल्के में एक सवाल चर्चा में रहा। बगैर सेन परिवार के यह लोकसभा चुनाव होगा? कयास तरह-तरह के लगाए जा रहे थे। लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई कि इस लोकसभा चुनाव में भी सेन परिवार की मौजूदगी बतौर प्रत्याशी रहेगी। स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने चुनाव मैदान में आने कि लिए ताल ठोंक दी है। कहा कि हर स्थिति में चुनाव लड़ेंगे।

सियासत में कई परिवारों की वंशबेलि चलती रही है। परिवार भी उनमें से एक है। यह पांच बार के विधायक और तीन बार के सांसद स्व. मित्रसेन यादव का परिवार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अपना राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले मित्रसेन भाकपा के साथ ही सपा और बसपा से भी जनप्रतिधि चुने गए। श्री यादव का लंबा राजनीतिक इतिहास है। 20 सदीं में वह चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे। 21 सदीं में भी एक बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनके छोटे पुत्र आनंद सेन यादव तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे। सन् 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। आनंद सेन यादव का बेटा हैरिंग्टनगंज से ब्लाक प्रमुख है। इसके पहले स्व. मित्रसेन की दोनों पुत्र बधुएं प्रियंका सेन और इंदू सेन ब्लाक प्रमुख रह चुकी है।

कई दशक से शायद ही ऐसा कोई चुनाव रहा हो, जिसमें सेन परिवार का दखल न रहा हो। लोकसभा चुनाव घोषणा हुई। सेन परिवार के समर्थकों को उम्मीद थी कि किसी न किसी को टिकट मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक हल्के में सेन परिवार को लेकर चर्चा तेज रही। समर्थक अपनी राह खोजने लगे थे। लेकिन इस बीच स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन ने फैजाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। अब समर्थकों को सहेजने और प्रचार में लग गए हैं।

### सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं अरविंद सेन


अरविंद सेन

**अयोध्या।** आईपीएस अफसर रहे अरविंद सेन, स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। टिकट की घोषणा अभी नही हुई है। टिकट में कुछ इधर-उधर होने के सवाल पर उनका कहना है कि मैं चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं।

कहते हैं कि बाबू जी (मित्रसेन यादव) की जीवन पर्यन्त पहचान कम्युनिष्ट ही रही है। देश काल, परिस्थिति के चलते उन्होंने कोई फैसला लिया हो, यह अलग बात है। अब उनकी पहचान और परिवार की प्रतिष्ठा को कुछ लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। उसे मिटाने की कोशिश कर रह हैं। उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान की सुरक्षा में कुछ भी करना पड़ेगा तो करेंगे। 33 साल की सेवा के बाद अपमानित होकर लौटा। (किसी मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था) तो यहां भी अपमान करने जैसी स्थिति मिली। इसके लिए संघर्ष करना है। परिणाम चाहे कुछ भी हो, उसकी सुरक्षा, संरक्षा करना है। अपने लोगों को पहचानना है। उनके सम्मान को बचाने के लिए प्रयास करेंगे। टिकट इधर-उधर होने के सवाल पर उनका दो टूक कहना था कि इसकी उम्मीद नहीं है लेकिन मैं अब चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं। छोड़ने पर तमाम तरह के आरोप लगेंगे। अब भी आरोप लग रहे। मुकदमा वापस लेने के लिए आए। लेकिन हमारी थाती को जस तरह से डैमेज किया जा रहा है। उसके लिए संघर्ष करूंगा। मुद्दों की सियासत की चर्चा करते हैं। नई पीढ़ी को सियासत का नया मार्ग दिखाना चाहते हैं।

# बहराइच लोकसभा सीट से सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को मिला टिकट, दर्ज की जीत

राजू जायसवाल, बहराइच


सावित्री बाई फुले


रूबाब सईदा

**अमृत विचार** : महिलाओं को आगे बढ़ाने की दंभ भरने वाली पार्टियां भी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट नहीं दे रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 से हो रहे लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो बार ही महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। दोनों बार महिला प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराते हुए सदन में क्षेत्र की आवाज को बुलंद की। महिला सुरक्षा और भागीदारी को लेकर सभी पार्टियां अपना अपना दावा करती हैं। भाजपा की ओर से इस बार संसद में महिला सुरक्षा बिल भी पारित किया गया है। इसके बाद भी बहराइच लोकसभा सीट से महिला प्रत्याशियों की भागीदारी काफी कम मात्रा में रही। भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर से सिर्फ पुरुष प्रत्याशियों को ही तवज्जो दिया गया है। ऐसे में सभी पार्टियों की ओर से महिलाओं को बढ़ावा देने और उनकी हिस्सेदारी पर बात करने वाले लोगों पर सवाल उठ रहा है। बहराइच लोकसभा सीट में विधान सभा बहराइच, महसी, नानपारा और मटेरा विधान सभा क्षेत्र की जनता मतदान करती है। लेकिन 71 साल के लोकसभा चुनावों में अब तक सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिसमें भाजपा से वर्ष 2014 में साध्वी सावित्री बाई फुले और सपा ने वर्ष 2004 में रूबाब सईदा को प्रत्याशी बनाया था। दोनों ने अपनी अपनी सीट पर जीत भी दर्ज की थी। सपा से जीत दर्ज करने वाली रूबाब सईदा का इसी वर्ष निधन भी हो चुका है। बहराइच लोक सभा सीट पर 15 वर्ष पूर्व कोई भी चुनाव लड़ सकता था। लेकिन 15 वर्ष पूर्व लोक सभा सीट को 25 वर्ष के लिए आरक्षित कर दिया गया था। जिसमें अब दो चुनाव के बाद पुन: आरक्षण हटाकर सामान्य बन सकती है।

**परिसीमन के बाद जीते प्रत्याशी**

| प्रत्याशी | पार्टी | वर्ष |
|---|---|---|
| कमल किशोर | कांग्रेस | 2009 |
| सावित्री बाई फुले | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल गोंड | भाजपा | 2019 |

- **वर्ष 1952 से चल रहे चुनाव में भाजपा और सपा छोड़ किसी ने नहीं दिखाई रुचि**
- **सभी लोकसभा चुनाव में पुरुषों को दिया गया ज्यादा तवज्जो**

# भाजपा के समक्ष होगी बाराबंकी पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी


राजरानी रावत


तनुज पुनिया

- **भाजपा से राजरानी और गठबंधन से कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया की होगी टक्कर**
- **बाराबंकी लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने घोषित किए प्रत्याशी**

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी ने 53 बाराबंकी लोकसभा सीट से आखिरकार प्रत्याशी की घोषणा कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने अनुभव को तरजीह देते हुए पूर्व विधायक और मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में बाराबंकी से राजरानी रावत के नाम का ऐलान किया है। बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलने के बाद उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विवाद बढ़ने पर बीजेपी आलाकमान के नकेल पर सांसद उपेंद्र रावत ने चुनाव न लड़ने का फैसला ऐलान किया था। जिसके बाद से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बीजेपी नए चेहरे की तलाश में थी। सोमवार को होली के दिन राजरानी रावत के नाम के ऐलान के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

वहीं बीते शनिवार को सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे। वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया। इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपना राजनीतिक सफर शुरु किया था लेकिन पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट देकर एक बार फिर दांव लगाया गया है। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब देखना है जिले की जनता राजरानी रावत को सांसद बनने का ताज पहनाती है या तनुज के सिर पर हाथ रखकर जीत का आर्शीवाद देती है।

**19 लाख मतदाता करेंगे फैसला** : इन दोनों में किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। यह तो 20 मई को होने वाले मतदान के बाद 4 जून की मतगणना के दिन मालूम होगा। 19 लाख 11 हजार 666 मतदाताओं द्वारा इन दोनों में किसे सबसे अधिक पंसद किया जाएगा यह समय बताएगा। इस बार जहां युवाओं के लिए तनुज एक अलग छाप छोड़ सकते हैं वहीं राजरानी रावत महिलाओं के वोट हासिल करने में सफलता मिल सकती है। 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष तो 9 लाख एक हजार 518 महिलाओं के साथ 67 थर्ड जेंडर मतदाता वोट करेंगे।

### डीडीसी से शुरू हुआ था राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- राजरानी जहां करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय हैं।
- 1995 में निदूरा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) चुनी गईं।
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन सपा प्रत्याशी से हार गईं।
- 2000 में निदूरा तृतीय से दोबारा जिला पंचायत सदस्य चुनीं गईं।
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से शिकस्त मिली।
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप लोकसभा चुनाव लड़ीं। भाजपा की प्रियंका सिंह रावत ने शिकस्त दी।
- अप्रैल 2019 में भाजपा में घर वापसी की।
- 2021 में निदूरा चतुर्थ से डीडीसी सदस्य चुनी गईं।
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत।

# जब भाजपा ने बिना लड़े गंवा दी थी सुलतानपुर सीट

## गोंडा के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह का पर्चा हो गया था खारिज

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर


सत्यदेव सिंह




**अमृत विचार** : राम लहर में सुलतानपुर सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। चौथी बार भाजपा बिना लड़े ही सीट गंवा दी थी और वाक ओवर देते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दी। जिसका खामियाजा भाजपा को दो और चुनाव में भुगतना पड़ा और उसे हार मिली।

1991 में अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने पहली बार रामलहर में सुलतानपुर संसदीय सीट पर जीत दर्ज भाजपा का खाता खोला। हालांकि1996 में पार्टी ने उनको मौका नहीं दिया। उनके स्थान पर विवादित ढांचा ध्वंस के समय फैजाबाद (अब अयोध्या) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) को प्रत्याशी बनाया था। डीबी राय ने 1996 और फिर 1998 में इस सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के एक वोट से गिरने के बाद 1999 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें पार्टी ने फिर अपना प्रत्याशी बदल दिया। 1999 के चुनाव में गोंडा निवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह सुलतानपुर से उम्मीदवार थे। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने पर्चा दाखिल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उसे विलंब होने के आधार पर खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था।

उस समय कल्याण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन पार्टी को उनसे कोई सहायता नहीं मिल सकी थी। तीन बार से जीती जा रही सीट पर पार्टी प्रत्याशी के बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो जाने के कारण भाजपा नेता कार्यकर्ता काफी निराश हुए थे। बसपा ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भाजपा की लोक सभा चुनाव में नमौजूदगी ने बसपा का काम आसान कर दिया। बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने इस चुनाव में जीत हासिल कर सुलतानपुर लोकसभा सीट पर यहां बसपा का खाता खोला। इसके बाद बसपा का सिलसिला चल पड़ा। बसपा ने 2004 में ताहिर खान को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के भरोसे पर खरे उतरते हुए ताहिर ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डा वीना पांडेय जमानत नहीं बचा सकी। 2009 के चुनाव में भाजपा ने सूर्यभान सिंह को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस के डा संजय सिंह चुनाव जीत गए। हालांकि, मोदी लहर में 2014 में वरुण गांधी ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर एक बार फिर सीट भाजपा के खाते में डाल दिया। 2019 के लोक सभा चुनाव में मेनका गांधी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया। वे भी सुलतानपुर सीट पर जीत दर्ज की।इस बार भी मेनका गांधी ही चुनाव मैदान में हैं।

**सुलतानपुर सीट पर 1999 में हुए चुनाव के आंकड़े**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 |
| पवन पांडे | निर्दलीय | 1,29,525 |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 |


मेनका गांधी

## भाजपा व सपा का प्रत्याशी घोषित बसपा का इंतजार

**अमृत विचार, सुलतानपुर** : लंबी कवायद के बाद बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद मेनका संजय गांधी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनने पर काफी दिनों से उठा पटक चल रही थी। टिकट मिलने के बाद अब जिलेवासियों को उनके सुलतानपुर आने का इंतजार है। उनके जिले में आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं जारी हुई है। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों ही भीम निषाद को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। भीम निषाद अंबेडकरनगर के निवासी है और यहां के लिए नया चेहरा हैं। फिर भी वे जिले में अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक प्रत्याशी चयन पर मुहर नहीं लगी है। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800–14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी** – डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारतीयों ने चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ा

**मुंबई, एजेंसी**



भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।

सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में बरकरार हैं। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नए अरबपतियों के मामले में भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए।

### बीते साल 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे। जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा–2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।

### एलआईसी को 39.39 लाख रुपये का जीएसटी मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर कर अधिकारियों ने 2017-18 के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए लगभग 39.39 लाख रुपये का मांग नोटिस भेजा है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को तीन जनवरी, 2024 को केंद्रीय जीएसटी, गांधीनगर के अतिरिक्त आयुक्त से ब्याज और जुर्माने के लिए एक संचार/मांग आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि उसने 26 मार्च, 2024 को आयुक्त (अपील), अहमदाबाद के समक्ष वित्त वर्ष 2017-18 के लिए 19,64,584 रुपये के जीएसटी और जुर्माने तथा ब्याज के साथ 19,74,584 रुपये के नोटिस के खिलाफ अपील दायर की है।

## इरडा ने किया पॉलिसी सरेंडर से संबंधित नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया

बीमा नियामक इरडा ने इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों और ग्राहकों के लिए बड़ी खबर दी है। इरडा के नए नियमों के तहत पालिसी सरेंडर की अवधि से सरेंडर वैल्यू तय होगी। आसान शब्दों जितनी अधिक पालिसी सरेंडर की अवधि होगी उतनी अधिक सरेंडर वैल्यू मिलेगी। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2024 से लागू होने वाले हैं। बीमा नियामक इरडा ने कई नियमों को नोटिफाई किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे चार्ज का खुलासा पहले ही करना होता है। पहले बीमा कंपनियां सरेंडर में केवल जमा ही लौटाती थीं, उसमें भी मनमाने नियम और अवधि लागू होती थी।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। नए नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200–51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,400 |
| चांदी पक्की | 742 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

### हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 102 मसूरी 92 बासमती 135, **दाल दलहन**–काला चना 103 साबुत चना दाल 95 मूंग साबुत 120 राजमा 145 दाल उड़द 116 साबुत मसूर दाल 70 मसूर दाल 112 उड़द साबुत 113 काबुली चना 90–140 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी 84 सोयाबीन 45–60 मूंगफली 76 मटर (सूखी) 48–61 मक्का 19 रुपये।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

**कोलकाता, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात सकारात्मक रहा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। फरवरी तक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए निर्यात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 5.22 अरब डॉलर का हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.30 अरब डॉलर का रहा।

## एसएंडपी ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एजेंसी ने 2024-25 के लिए 6.4% से बढ़ाकर 6.8% कर दिया





एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है।

एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा-एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। एसएंडपी ने कहा-हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।

**चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर:** देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।



## एक नजर

### लट्ठमार होली की उद्घोषणा करके फंसी महिला उप निरीक्षक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में होली के त्योहार पर पुलिस के वाहन से उद्घोषणा के जरिए आम लोगों को ''पुलिस की लट्ठमार होली'' की चेतावनी देना एक महिला उप निरीक्षक को महंगा पड़ सकता है। इस उद्घोषणा का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप निरीक्षक से जवाब–तलब किया गया है। वीडियो में महिला उप निरीक्षक कहती सुनाई पड़ रही हैं, जनता से निवेदन है कि आचार संहिता का ध्यान रखें। अपने–अपने घर चले जाएं। चार बजे (शाम) तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहें, वरना पुलिस द्वारा लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा।

### मुंबई की इमारत में लगी आग, 50 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट पार्क इमारत में मंगलवार की सुबह आग लग गई लेकिन समय रहते करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग पूर्वाह्न नौ बजकर करीब 25 मिनट पर छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# लाइसेंस रद करने में केंद्र से जवाब-तलब

## दिल्ली उच्च न्यायालय में सीपीआर ने एफसीआरए को लेकर दायर की है याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**





दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है जो उसने एफसीआरए लाइसेंस रद करने के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ संगठन की अपील पर नोटिस जारी किया और उसके वकील को दो सप्ताह में एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का समय दिया। आदेश में कहा गया है कि सरकार के वकील ने अपील का "जोरदार विरोध" किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने और विकास परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और कानूनी लड़ाई में सहायता के लिए विदेशी धन का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए सीपीआर के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद कर दिया। जब किसी संगठन का एफसीआरए पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जाता है, तो उसे विदेश या विदेशी दानदाताओं से कोई भी धन प्राप्त करने से रोक दिया जाता है।

सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' ने सरकार के कदम को "समझ से बाहर और अनुपातहीन" करार दिया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस आखिरी बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण होना था। सितंबर 2022 में आयकर विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण किए जाने के बाद 'थिंक-टैंक' जांच के दायरे में आया। इसका एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसे बाद में 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

### न्यायालय का वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र को निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है, जिसमें पूछा गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में वन क्षेत्र को जमीन कब्जाने वाले और भू–माफियाओं की अवैध गतिविधियों या अतिक्रमण से बचाने के लिए किसी तरह के सुरक्षा बल तैनात किए जा सकते हैं। अदालत का यह निर्देश उस याचिका पर आया जिसमें केंद्र सरकार को दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग में पर्याप्त संख्या में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जवाब में कहा कि वन अधिकारियों को जमीन कब्जाने वालों और माफियाओं से लगातार धमकी मिलती रहती है और वन क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को तैनात करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि सीआईएसएफ नियम ऐसी तैनाती की अनुमति नहीं देते हैं।

### सैन्य अधिकारियों ने मनाया बांग्लादेश का 53वां स्वतंत्रता दिवस...



भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के बाहरी इलाके में बांग्लादेश के 53वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के दौरान फल और मिठाइयों का आदान–प्रदान किया। • एजेंसी

## भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को हिमाचल गुजरात के उपचुनावों में बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को विभिन्न राज्यों के उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने हाल ही में अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस सहित अन्य दलों से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को पार्टी ने गुजरात में उम्मीदवार बनाया है। इनमें चार कांग्रेस के हैं। गुजरात में भाजपा ने अर्जुन मोधवाडिया, चतुरसिंह चावड़ा और अरविंद लाडानी को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सिक्किम विधानसभा की नौ सीटों के अलावा पश्चिम बंगाल की दो और कर्नाटक की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

## नि:शुल्क दवाओं की न हो कोई कमी : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मोहल्ला क्लीनिक को लेकर ईडी की हिरासत से दिया निर्देश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बताएं और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं। मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा अरविदं केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

## गांधी परिवार के साथ संबंध होने के चलते वरुण को लिए टिकट नहीं दिया : अधीर

**बहरामपुर (प.बंगाल)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को दावा किया कि गांधी परिवार से संबंध होने के कारण भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया । उन्होंने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता भी दिया। चौधरी ने वरुण को एक "दबंग नेता" बताया और कहा कि वह एक साफ छवि वाले पढ़े लिखे व्यक्ति हैं। निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कहा-वह एक दबंग नेता और बहुत शिक्षित व्यक्ति हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है। वरुण गांधी का गांधी परिवार से संबंध है। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें (लोकसभा चुनाव के लिए) टिकट देने से इनकार कर दिया। मुझे लगता है कि उन्हें (कांग्रेस में शामिल होने) आना चाहिए, हमें बहुत खुशी होगी।

## मोदी के खिलाफ अपशब्द बोल रहे विपक्षी इनको रोके निर्वाचन आयोग : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आचार संहिता उल्लंघन पर समान दृष्टिकोण अपनाए आयोग

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन समेत विपक्षी नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ स्वयं ही कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में विभिन्न राज्यों में चुनाव अधिकारियों के 'अलग-अलग' रुख अपनाए जाने का जिक्र किया और दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नेताओं के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की सरकार है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और महासचिव विनोद तावड़े सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस 'विसंगति' को रेखांकित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। तावड़े ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेता लगातार मोदी के विरूद्ध अपशब्द कह रहे हैं और महिला शक्ति तथा भारतीय संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया अभी शुरू हुई है और आयोग को आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के लिए कर्नाटक से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई लेकिन तमिलनाडु के एक मंत्री और द्रमुक नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी की कोई निंदा नहीं की गई। इस संदर्भ में तावड़े ने शिवसेना नेता संजय राउत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करने पर भी प्रकाश डाला, जिसे कई धार्मिक कट्टरपंथी मानते हैं।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में 1 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर एक अपैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी.विश्वनाथन की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्हें धन शोधन के एक मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने 23 फरवरी से शुरू और दो मार्च को संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने देने की झारखंड उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी।

## कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती और भाजपा भटकाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की जुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार-हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी।

### अरुणाचल पर चीन के दावे का खंडन करे सरकार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश ''हमेशा'' उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को ''बेतुका'' और ''हास्यास्पद'' बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, ''कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं।'' खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है।




# शिवम के अर्धशतक से सीएसके 200 पार

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सीएसके के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने 46-46 रन का योगदान तथा पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। गुजरात टाइटन्स के लिए राशिद खान ने दो विकेट झटके जबकि साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

खबर लिखे जाने तक गुजरात ने 14 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 110 रन बना लिए थे। साई सुदर्शन 35 रन और अजमतुल्लाह उमरजई 5 रन बनाकर क्रीज पर थे। वहीं गुजरात के कप्तान शुभमन गिल 5 गेंद पर 8 रन, रिद्धीमान साहा 17 गेंद पर 21 रन, विजय शंकर 12 गेंद पर 12 रन और डेविड मिलर 16 गेंद पर 21 रन बनाकर पवेलियन जा चुके थे।

चेपॉक स्टेडियम में सोमवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। रचिन रवींद्र (20 बॉल पर 46 रन) और शिवम दुबे (23 बॉल पर 51 रन) ने विस्फोटक पारियां खेलीं, जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 बॉल पर 46 रन का योगदान दिया। अजिंक्य रहाणे ने 12 गेंदों पर 12 रन, समीर रिज्वी ने 6 गेंदों पर 14 रन, रविंद्र जडेजा ने 3 गेंदों पर 7 रन और डेरिल मिशेल ने 20 गेंदों पर नाबाद 24 रनों की पारी खेली। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने दो विकेट झटके। वहीं साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा ने एक-एक विकेट लिए।

शिवम दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनचुंबी छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभायी।

### अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | -0.779 |
| गुजरात टाइटंस | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.300 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

### चेन्नई सुपर किंग्स :

| | |
|---|---|
| ऋतुराज का साहा बो जॉनसन | 46 |
| रचिन स्ट साहा बो राशिद खान | 46 |
| रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर | 12 |
| शिवम का शंकर बो राशिद खान | 51 |
| डेरिल मिचेल रन आउट | 24 |
| समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा | 14 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |

**अतिरिक्त** : 06

**कुल** : 20 ओवर में छह विकेट 206 रन

**गेंदबाजी** : अजमतुल्लाह ओमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

# कोहली की पारी से पंजाब पस्त

बेंगलुरु, एजेंसी

- पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान शिखर धवन ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया
- आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट झटके
- आरसीबी के विराट कोहली को पारी की पहली ही गेंद पर मिला था जीवनदान

विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।




विराट कोहली

कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। उन्होंने कैगिसो रबाडा को चौका और लेग स्पिनर राहुल चाहर को भी छक्का लगाया। आरसीबी के दूसरे बल्लेबाजों को जहां रबाडा और स्पिनर हरप्रीत बरार ने परेशान किया, वहीं कोहली ने खुलकर शॉट लगाये। बरार ने चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट लिये। कोहली को हर्षल पटेल ने थर्डमैन पर बरार के हाथों लपकवाया। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पिछले साल विश्व कप से यहां चला आ रहा उनका खराब फॉर्म जारी रहा। सिराज की गेंद पर खराब शॉट खेलकर वह कवर्स में विराट कोहली को कैच दे बैठे। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। धवन काफी सहज होकर खेलते नजर आये और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मयंक डागर की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। प्रभसिमरन ने कैमरन ग्रीन को मिडविकेट पर फ्लिक शॉट खेलकर छक्का लगाया। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा जब प्रभसिमरन उन्हें पूल शॉट खेलने आगे निकले और अनुज रावत ने विकेट के पीछे उनका कैच लपक लिया। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला।

वह मैक्सवेल को ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में लांग आन पर कोहली को कैच दे बैठे। पंजाब का स्कोर इस समय 12.1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

### पंजाब 176/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का कोहली बो मैक्सवेल | 45 | 37 | 5/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो सिराज | 08 | 06 | 2/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का रावत बो मैक्सवेल | 25 | 17 | 2/2 |
| लियाम लिविंगस्टोन का रावत बो जोसेफ | 17 | 13 | 1/1 |
| सैम कुरेन का रावत बो दयाल | 23 | 17 | 3/0 |
| जितेश शर्मा का रावत बो सिराज | 27 | 20 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 21 | 08 | 1/2 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-26-2, ग्रीन 2-0-19-0, दयाल 4-0-23-1, जोसेफ 4-0-43-1, डागर 3-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-29-2

### बेंगलोर 178/6

19.2 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का बरार बो पटेल | 77 | 49 | 11/2 |
| फाफ डु प्लेसी का कुरेन बो रबाडा | 03 | 07 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन कर शर्मा बो रबाडा | 03 | 05 | 0/0 |
| रजत पाटीदार बो बरार | 18 | 18 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बरार | 03 | 05 | 0/0 |
| अनुज रावत पगबाधा बो कुरेन | 11 | 14 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 28 | 10 | 3/2 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 17 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी** : कुरेन 3-0-30-0, अर्शदीप 3.2-0-40-0, रबाडा 4-0-23-2, बरार 4-0-13-2, पटेल 4-0-45-1, चाहर 1-0-16-0

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एब्डेन मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

### साथियान विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत में खेली गई प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग में 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल में रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत में खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले।

### एसीसी ने महिला एशिया कप का कार्यक्रम किया जारी

**नयी दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से शुरु टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।

# लीग में पहली जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जाथवेध सुब्रमण्यन। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई को एक समय 36 गेंद पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

# शाकिब अल हसन की दूसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी

**सिलहट (बांग्लादेश)।** ऑल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाये जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाये और दो विकेट लिये थे, जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बायें हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गयी थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था। वह फिट होने के बाद पिछले दो महीनों से बांग्लादेश में और ढाका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट शृंखला 22 नवंबर से


मेलबर्न, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट शृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ शृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट शृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं।'' इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह शृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी।




## बॉलीवुड हलचल

# कृष 4 की तैयारी शुरू करने वाले हैं एक्टर ऋतिक रोशन



मुंबई, एजेंसी। ऋतिक रोशन की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म कृष 4 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में कोई मिल गया, कृष और कृष 3 सुपरहिट रही थीं, जिन्हें फिल्ममेकर राकेश रोशन ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। अब खबरों की मानें तो राकेश रोशन ने इस फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो एडवांस स्टेज पर हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन के साथ मिलकर इस समर, कॉन्सेप्ट, स्क्रिप्ट और अन्य सेगमेंट का काम शुरू करेंगे। फिलहाल ऋतिक अपनी अपकमिंग सीक्वल फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म होते ही वो कृष 4 की तैयारी में जुटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे लिखा गया है कि ऋतिक और राकेश रोशन आइडिया और स्क्रिप्टिंग इसी साल पूरी करने की तैयारी में हैं। इसके बाद दोनों अगले साल इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। फिलहाल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म के लिए कई अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और आइडिया तैयार किए गए हैं। बस अब उन्हें सही स्टोरी और आइडिया चुनना है। कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था।



# ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने टाइगर को दी मजेदार सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक वक्त पर बॉलीवुड का पावर पैक्ड कपल माना जाता था। लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया और वह अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हो गए। इसके बाद दिशा को अक्सर एक शख्स के साथ देखा जाता था जो कथित तौर पर उनके बॉयफ्रेंड थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि टाइगर और दिशा दोबारा साथ आ गए हैं। इसका अंदाजा दोनों की होली मस्ती को देखकर लगाया जा रहा है। इसी बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने टाइगर को ऐसी सलाह दी है, जिससे लोगों को एक और हिंट मिल गया है।26 मार्च को दोपहर में अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट था। जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर सब थे। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया का अलग अंदाज देखने को मिला। इस इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय, टाइगर को हिंट देते नजर आ रहे हैं। अक्षय वीडियो में कहते दिख रहे हैं, "मैं टाइगर से ये कहना चाहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" एक्टर की बात सुनकर सभी हंसने लगे। फिर अक्षय ने जाकर टाइगर को गले लगाया।

# शादी की बात पर मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान एक फिल्मी परिवार में पली-बढ़ीं लेकिन उनका परिवार उस तरह का नहीं था, जहां उन्हें सब कुछ चांदी की थाली में परोसा जाता था। फराह ने कम उम्र में ही काम करना शुरू किया और जल्द ही, उन्हें एक कोरियोग्राफर के रूप में पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में फराह ने कहा कि उनका परिवार कई अन्य लोगों से अलग है क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बिना अपने पैरों पर खड़े हुए मैं शादी करूं। फराह ने कहा कि वह काम को लेकर सीरियस थीं और 20 साल की उम्र में, शादी और बच्चे उनके ख्याल में भी नहीं था, लेकिन 22 साल की उम्र में एक बार उनके मन में शादी का ख्याल आया था जब उनके परिवार ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी थी। फराह ने कहा "शादी मेरे दिमाग में बिल्कुल नहीं थी। मुझे लगता है कि 22 साल या उसके आसपास की उम्र में मैंने सोचा था कि मैं शादी कर लूंगी लेकिन मेरा परिवार अजीब है। वे एकत्र हुए और उन्होंने कहा कि अगर तुमने जीवन में कुछ भी किए बिना इतनी कम उम्र में शादी कर ली तो हम तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। इसलिए वे सामान्य माता-पिता जो करते हैं उसके बिल्कुल विपरीत थे।"फराह ने कहा, "मेरी माँ ने कहा कि मैं तुम्हें घर से बाहर निकाल दूंगी। शादी से तुम्हें खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा।" फराह ने कहा कि शिरीष कुंदर से मिलने से पहले उन्होंने कभी शादी के बारे में सोचा भी नहीं था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

